मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक
रांची, सोमवार, 10 नवंबर 2025
संवत 2082, मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष 5 मूल्य-2 रुपये
वर्ष-9, अंक 61, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▶▶ स्वदेशी, आत्मनिर्भरता व आर्थिक सुधार
गुजराम के अहमदाबाद में खेला जायेगा फाइनल मुकाबला ◀◀ 6

### बिहार में दूसरे चरण का मतदान कल

# शांतिपूर्ण मतदान के लिए अभेद्य सुरक्षा घेरा, चप्पे-चप्पे पर होगी पैनी निगाह,डीजीपी बोले- 1650 कंपनियां तैनात

**पटनाः** 11 नवंबर यानी कल होने वाले दूसरे चरण के विधानसभा चुनाव के लिए बिहार में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि 4 लाख से ज्यादा सुरक्षाकर्मी चुनाव ड्यूटी पर तैनात हैं। दूसरे और अंतिम चरण के मतदान में 122 विधानसभा सीटों पर 45,399 मतदान केंद्रों पर मतदान होगा, जिनमें 40,073 ग्रामीण क्षेत्रों में होंगे।

चुनाव आयोग के एक अधिकारी ने सोमवार को कहा, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए बिहार में 4 लाख से ज्यादा सुरक्षाकर्मियों को चुनावी ड्यूटी पर तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की लगभग



500 कंपनियां (करीब 50,000) बिहार में चुनाव पूर्व ड्यूटी पर तैनात थीं और बाद में, उअढऋकी 500 और कंपनियां राज्य में पहुंच गईं।

दूसरे राज्यों से रिजर्व बटालियनों के लगभग 2,000 जवान, बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस के 30,000 जवान, 20,000 से ज्यादा होमगार्ड, लगभग 19,000 नए भर्ती हुए कांस्टेबल (जो प्रशिक्षण ले रहे हैं) और लगभग 1.5 लाख 'चौधरी' (जो प्रशिक्षण ले रहे हैं) भी पुलिस बल में तैनात किए गए हैं। दूसरे चरण के मतदान में संवेदनशील मतदान केंद्रों की संख्या के बारे में पूछे जाने पर, अधिकारी ने कहा, सुरक्षा की दृष्टि से, सभी बूथ समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। बिहार में 121 विधानसभा क्षेत्रों में पहले चरण के मतदान में 65 प्रतिशत से ज्यादा मतदान हुआ, जो अब तक का सबसे ज्यादा मतदान था।

# इंदिरा आवास के तहत बने मकान की गिरी छत, एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत

**दानापुर :** बिहार से एक दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है। इंदिरा आवास योजना के तहत बने एक मकान की छत गिर जाने से एक ही परिवार के 5 सदस्यों की मौत हो गई। यह हादसा अकिलपुर थाना क्षेत्र के मानस गांव में हुआ। मृतकों में एक महिला, एक पुरुष और तीन बच्चे शामिल हैं। सभी के शव मलबे से बरामद कर लिए गए हैं और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार, मृतकों की पहचान बबलू खान, उनकी पत्नी रौशन खातून, बेटा मोहम्मद चांद, बेटी रूकशार और सबसे छोटी बेटी चांदनी के रूप में हुई है। यह हादसा बीती रात हुआ, जब परिवार रात का खाना खाने के बाद सोने चला गया था। अचानक मकान की छत भरभराकर गिर पड़ी, जिससे पूरा परिवार मलबे में दब गया। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। परिवार के सभी सदस्यों की



घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि जिस मकान की छत गिरी, वह कई साल पहले इंदिरा आवास योजना के तहत बनाया गया था। मकान काफी जर्जर हालत में था और उसकी छत में पहले से दरारें थीं। आर्थिक तंगी के कारण परिवार इसकी मरम्मत नहीं करवा सका, जिसका नतीजा यह भयावह हादसा बन गया।

ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में ऐसे कई घर हैं जो इंदिरा आवास योजना के तहत बने थे, लेकिन अब उनकी स्थिति भी बहुत खराब है और कभी भी ढह सकते हैं। इससे कई परिवारों की जान को खतरा बना हुआ है। फिलहाल पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। इस दुखद घटना से पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई है।

# साधुओं के वेश में आये दो ठगो ने घर में घुसकर मां-बेटी को बनाया बेवकूफ

## पांच लाख के आभूषण लेकर हुए फरार



**पलामूः** जिले में उस वक्त हड़कंप मच गया जब साधु के वेश में आए दो ठगों ने एक घर से पांच लाख से अधिक के आभूषण लूट लिए। वहीं, पीड़ित महिलाओं की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कर ली है।

साधुओं ने हमें वश में कर लिया थाः मामला जिले के छतरपुर के सुनार मोहल्ला का है। बताया जा रहा है कि घर पर मां-बेटी अकेली थी। इस दौरान गेरुआ वस्त्र पहने 2 साधु आए। साधु भिक्षा मांगने लगे। महिला ने पैसे दिए। साधुओं ने कहा कि भूख लगी है, कुछ खाने को दें। इसके बाद महिला ने खाना दिया तो एक साधु खाना खाने के बाद पानी पीकर तांडव करने लगा। साधु कहने लगा कि तुम्हारे घर काला जादू किया हुआ है, तुम्हारे बेटे की अकाल मृत्यु हो जाएगी और घर बर्बाद हो जाएगा। साधु ने कहा कि उपाय करने के लिए दो साड़ी लाओ और घर में रखा जितना गहना है सभी ले आओ। महिलाओं ने साड़ी में सोने के आभूषण रखकर साधु को दे दिए। साधुओं ने उसको कई गांठ देकर बांध दिया और कहा कि इसे बक्से में रख दो और अगले दिन नहा धोकर 12 बजे के बाद साड़ी की गांठ खोलना। इस दौरान जितने गहने है सभी दुगुना हो जाएंगे। इतना कहकर दोनों साधु वहां से चले गए।

महिलाओं का कहना है कि जब साधुओं के जाने के बाद साड़ी की गांठ खोली तो देखा कि सारे गहने गायब है और उनकी जगह पीतल की गणेश, लक्ष्मी, दुर्गा, शंकर भगवान की छोटी - छोटी मूर्ति के अलावा पांच अंगूठी और चार रुद्राक्ष के साथ 51 रुपया था जिसके बाद मां -बेटी के पैरों तले जमीन खिसक गई। महिला ने पुलिस को बताया कि साधुओं ने हमें वश में कर लिया था। इसी कारण हमने साधुओं के कहने पर घर में रखे सारे गहने उन्हें दे दिए। गहने पांच लाख से अधिक के बताए जा रहे हैं। वहीं, महिलाओं ने आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज करा दी है।

# बेंगलुरु एयरपोर्ट पर पढ़ी गई नमाज, भाजपा-कांग्रेस आमने सामने

**बेंगलुरुः** केंपेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (केआईए) के टर्मिनल-2 के भीतर कुछ लोगों द्वारा नमाज अदा किए जाने का वीडियो/विवरण सामने आने के बाद राजनीतिक विवाद तेज हो गया है। कर्नाटक भाजपा ने इसे सुरक्षा में चूक करार देते हुए कांग्रेस सरकार पर डबल स्टैंडर्ड अपनाने का आरोप लगाया और मुख्यमंत्री सिद्धारमैया तथा मंत्री प्रियांक खड़गे से जवाब मांगा है।

**भाजपा के सवालः** भाजपा प्रवक्ता विजय प्रसाद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर पूछा कि हाई-सिक्योरिटी वाले एयरपोर्ट टर्मिनल के भीतर ऐसी गतिविधि की अनुमति कैसे



दी गई। उन्होंने पूछा कि क्या संबंधित लोगों ने पहले से आधिकारिक अनुमति ली थी। प्रसाद के मुताबिक, जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्थानीय प्रशासन से अनुमति लेकर पथ-संचलन करता है तो सरकार आपत्ति जताती है, लेकिन प्रतिबंधित/संवेदनशील सार्वजनिक क्षेत्र में इस तरह की गतिविधि पर आंखें मूंद ली जाती हैं—क्या यह गंभीर सुरक्षा चिंता नहीं है?

**कांग्रेस नेता प्रियांक खड़गे की पृष्ठभूमि टिप्पणीः** विवाद ऐसे समय में उभरा है, जब 3 नवंबर 2025 को मंत्री प्रियांक खड़गे ने फ़र की ट्रांसपेरेंसी पर सवाल उठाते हुए उसे औपचारिक रूप से संगठन के रूप में रजिस्टर कराने की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि उन्हें आरएसएस से समस्या नहीं है, बशर्ते वह गतिविधियों के लिए सरकारी अनुमति ले और कानूनी ढांचे का पालन करे। खड़गे ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को दी जाने वाली एडवांस सिक्योरिटी कॉन्टैक्ट्स पर भी प्रश्न उठाए थे,

# घाटशिला उपचुनाव के लिए मतदान कल

## किसके सिर पर सजेगा जीत का ताज, किसे मिलेगी हार

**रांचीः** घाटशिला उपचुनाव के लिए 11 नवंबर को घाटशिला सीट पर मतदान होगा। वहीं, बता दें कि घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार बाबूलाल सोरेन, झामुमो के उम्मीदवार सोमेश चंद्र सोरेन और झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के उम्मीदवार रामदास मुर्मू के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है जिससे घाटशिला विधानसभा उपचुनाव दिलचस्प बन गया है।

13 उम्मीदवारों की सूचीः बता दें कि कुल 13 प्रत्याशी घाटशिला विधानसभा उपचुनाव लड़ेंगे। 13 में से 9 प्रत्याशी पहली बार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वहीं, मुख्य मुकाबला फिलहाल सत्तारूढ़ झामुमो के सोमेश चंद्र सोरेन और भाजपा के बाबूलाल सोरेन के बीच है। एक तरफ झामुमो प्रत्याशी सोमेश सोरेन अपने दिवंगत पिता रामदास सोरेन की विरासत पर भरोसा जता रहे है तो दूसरी ओर, भाजपा नेता चंपाई सोरेन के बेटे बाबूलाल सोरेन मोदी सरकार की योजनाओं के दम पर मैदान में उतरे हैं, लेकिन झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के प्रत्याशी रामदास मुर्मू ने मैदान में उतरकर इस बार मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है। 13 प्रत्याशियों में बाबूलाल सोरेन (भाजपा), सोमेश चंद्र सोरेन (झामुमो), रामदास मुर्मू (जेएलकेएम), पार्वती हांसदा (पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया-डेमोक्रेटिक), पंचानन सोरेन (भारत आदिवासी पार्टी), परमेश्वर टुडू, श्रीलाल किस्कू, मानस राम हांसदा, नारायण सिंह, विकास हेम्ब्रम, बसंत कुमार टोपनो, मनोज कुमार सिंह, और रामकृष्ण कांती महली शामिल हैं।

दरअसल, झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के आकस्मिक निधन से खाली हुई इस सीट पर अब उनके बेटे सोमेश चंद्र सोरेन मैदान में हैं और भाजपा की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन ताल ठोक रहे हैं। दोनों ही संताल समाज से आते हैं। इसलिए इसकी संभावना है कि आदिवासी मत दोनों तरफ जाएगा। भाजपा के अपने सहयोगी लोजपा के सहारे चार प्रतिशत दलित मतों को साथ लाने की कोशिश में हैं। झामुमो गठबंधन के मुस्लिम मंत्री भी अल्पसंख्यक मतों को अपने पाले में लाने के लिए लगे हैं, लेकिन भाजपा आदिवासी मतों के अलावा कुड़मी, पिछड़ी और अन्य दलित मतों पर नजर रख रही है। चंपाई के गहरे मित्र विद्युतवरण महतो की भी इस क्षेत्र में काफी पकड़ है। वे तीन बार से जमशेदपुर लोकसभा के सांसद भी हैं। ज्ञात हो कि रामदास सोरेन एक साल से ज्यादा समय से किडनी संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे। उनका 15 अगस्त को एक अस्पताल में निधन हो गया था।

### नगर निकाय चुनाव पर झारखंड हाईकोर्ट सख्त

# 24 नवंबर तक चुनाव की संभावित तारीख मांगी, आयोग बोला- आरक्षण की अंतिम अनुशंसा अभी नहीं मिली

**रांचीः** स्थानीय शहरी निकाय चुनाव कराने को लेकर निवर्तमान पार्षद रोशनी खलखो के द्वारा दायर अवमानना याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सोमवार की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने कोर्ट को बताया कि हमने नोटिफिकेशन एवं ट्रिपल टेस्ट की रिपोर्ट राज्य इलेक्शन कमीशन को दे दिया है।




इसके बाद राज्य इलेक्शन कमीशन द्वारा बताया गया कि बीसी वन और बीसी टू के लिए आरक्षण तय करने में समय लग रहा है। इसलिए तीन महीने का और समय चाहिए किन्तु न्यायालय ने इसे खारिज कर दिया और अगली सुनवाई में चुनाव की निश्चित तारीख के साथ न्यायालय में उपस्थित होने का आदेश दिया है। अब इस मामले में अगली सुनवाई 24 नवंबर को होगी। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंदा सेन की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता विनोद सिंह ने पक्ष रखा,सरकार की ओर से महाधिवक्ता ने पक्ष रखा।

# ट्रेलर और ऑटो की हुई जोरदार टक्कर में दो लोगों की मौत

## धार्मिक कार्यक्रम से लौट रहे थे घर

**संवाददाता**

**रांचीः** राजधानी रांची में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया है जिसमें 2 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

हादसे में ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्तः मामला जिले के धुर्वा थाना क्षेत्र अंतर्गत सीठीयो टंग टंग टोली रिंग रोड का है। बताया जा रहा है कि एक ऑटो में सवार होकर कुछ लोग एक धार्मिक कार्यक्रम से वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान तेज रफ्तार ट्रेलर ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि हादसे में ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। ऑटो में सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में 2 लोगों की मौतः आनन-फानन में घायलों को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने 2 लोगों को मृत घोषित कर दिया जबकि चार अन्य लोगों का का इलाज जारी है। वहीं, हादसे के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### हवा में अटकी 170 यात्रियों की सांसें

# मुंबई से कोलकाता जा रहे विमान का इंजन हुआ फेल, हुई इमरजेंसी लैंडिंग

**मुंबई :** मुंबई से कोलकाता जा रही स्पाइसजेट की एक उड़ान को रविवार देर रात तकनीकी खराबी के कारण आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। विमान के एक इंजन में गड़बड़ी आने के बाद, पायलट ने फुल इमरजेंसी घोषित की और विमान को कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रात करीब 11:38 बजे सुरक्षित उतारा गया। उड़ान संख्या एसजी670 में 170 से अधिक यात्री सवार थे। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने पुष्टि की है कि सभी जानकारी के अनुसार, विमान मुंबई के छत्रपति शिवाजी




अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से कोलकाता के लिए रवाना हुआ था और गंतव्य के करीब पहुंचने ही वाला था जब पायलट ने इंजन में खराबी महसूस की। तुरंत ही हवाई अड्डा प्रशासन को इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलते ही एयरपोर्ट अथॉरिटी ने इमरजेंसी घोषित करते हुए आपात लैंडिंग के लिए रनवे खाली कराया।

हवाई अड्डे की इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम, जिसमें दमकल गाड़ियां, एम्बुलेंस और मेडिकल स्टाफ शामिल थे, को रनवे पर तैनात किया गया था। विमान रात 11:27 बजे सुरक्षित उतर गया और 11:38 बजे आपात स्थिति हटा ली गई।

अधिकारियों ने बताया कि सभी यात्री और चालक दल के सदस्य पूरी तरह सुरक्षित हैं। इससे पहले भी सितंबर महीने में पुणे से दिल्ली जा रही स्पाइसजेट की एक उड़ान को तकनीकी खराबी के चलते उड़ान भरने के तुरंत बाद वापस लौटना पड़ा था। हालांकि उस स्थिति में आपातकालीन लैंडिंग नहीं कराई गई थी।

हाल ही में अहमदाबाद में एयर इंडिया की एक फ्लाइट दुर्घटना के बाद से लगातार कई विमानों में तकनीकी दिक्कतें सामने आ रही हैं, जिससे हवाई सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। इस घटना के बाद नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने इंजन फेल होने के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# विवाहिता की संदिग्ध मौत, परिजनों ने लगाया दहेज हत्या का आरोप

संवाददाता

**चतरा :** सदर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ब्लॉक के पास एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका की माँ ने अपनी बेटी की हत्या के लिए दामाद और ससुराल पक्ष के सदस्यों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मृतका पूजा देवी, जो सजना गाँव निवासी थीं, जिसकी शादी वर्ष 2021 में नवल जोरी गाँव निवासी गोलू विश्वकर्मा के साथ हुई थी।पीड़िता की माँ का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग पूजा पर दहेज की मांग को लेकर लगातार अत्याचार कर रहे थे और हत्या का आरोप। सदर थाने में आवेदन दिया है वही आवेदन में बताया गया है कि पूजा के पति गोलू विश्वकर्मा, ससुर सास देवर, और भतीजा पर दहेज को लेकर उसे प्रताड़ित करते थे।माँ का कहना है कि 8 नवंबर 2025 को उन्हें सूचना मिली कि उनकी बेटी की हत्या कर दी गई है। आरोप है कि पहले उसे जहर पिलाया गया, और बाद में गला दबाकर उसकी जान ले ली गई।परिवार का कहना है कि उन्होंने अपनी आर्थिक क्षमता के अनुसार पर्याप्त दहेज दिया था, लेकिन ससुराल पक्ष की मांगें लगातार बढ़ती जा रही थीं। यह प्रताड़ना पूजा देवी की मौत का कारण बनी।फिलहाल सदर थाना पुलिस ने माँ का लिखित आवेदन प्राप्त कर जाँच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और साक्ष्य के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।मृतका के परिवार ने न्याय की मांग करते हुए आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की है।



## दो अलग-अलग मामलों के दो आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

चतरा। जिले के हंटरगंज थाना पुलिस ने दो मामलों अलग-अलग मामलों के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायिक हिरासत में चतरा जेल भेज दिया है। पहला मामला हंटरगंज थाना कांड संख्या 102/24, धारा 414/34 भादवि से संबंधित है। जिसमें प्राथमिकी अभियुक्त थाना क्षेत्र के कोसमाही निवासी पप्पू कुमार यादव पिता विगन यादव को गिरफ्तार किया गया है। वहीं दूसरा मामला हंटरगंज थाना कांड संख्या 45/24, धारा 419/420 एवं एसी/एसटी एक्ट है। जिसमें प्राथमिकी अभियुक्त दिलचंद यादव, पिता महेश यादव निवासी ढोलया, को गिरफ्तार किया गया । दोनों अभियुक्तों को आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण कर न्यायिक हिरासत में चतरा जेल भेजा गया है।

## झगड़े के बाद नशे में धुत युवक ने कुएं में लगाई छलांग, मौत

खूंटीः जिले में रविवार शाम एक मार्मिक घटना घटी, जहाँ एक युवक ने मामूली झगड़े के बाद नशे की हालत में अपने ही घर के कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। काफी प्रयास के बाद उसे बचाया नहीं जा सका, रात करीब आठ बजे युवक की लाश झगड़ की सहायता से निकली गई।

घटना खूंटी जिले के पीपल चौंक स्थित खूंटी टोली की है। जहां स्थानीय निवासी राजकुमार सिंह के लगभग 30 वर्षीय पुत्र टिंकू कुमार सिंह ने शाम करीब 6 बजे बस्ती में हुए एक झगड़े के बाद नशे की हालत में घर लौटकर आंगन में बने कुएं में छलांग लगा दी।युवक की माँ तेतरी देवी ने बताया, शाम में उनके बेटे के किसी से झगड़ा होने की खबर मिली थी। इसके बाद वह नशे में धुत घर आया और अचानक आंगन में बने कुएं में कूद गया। उन्होंने जोर-जोर से चिल्लाना शुरू किया, जिसे सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुँचे।

आस-पास के लोगों ने सबसे पहले झगड़ डालकर युवक को बाहर निकालने की कोशिश की। जब यह विफल रहे, तो एक साहसी युवक ने खुद कुएं में छलांग लगाकर उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह भी सफल नहीं हो सका।

इसके बाद स्थानीय लोगों ने खूंटी पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुँचे और बचाव कार्य शुरू किया। हालांकि, घंटों के प्रयास के बाद भी युवक को कुएं से नहीं निकाला जा सका। जिसके बाद दुबारा बचाओ कार्य अगले दिन सबेरे करने का निर्णय के साथ सब लॉट गाए, पर रात 8 बजे एक आखिरी प्रयास में झगड़ के सहायता से युवक के शव को निकल जा सका। जिसके बाद दुबारा पुलिस मौके पर पहुंची, कल अंतपरीक्षण के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

## भाजपा में शामिल हुए सैकड़ों कार्यकर्ता

संवाददाता

**रांचीः** घाटशिला विधानसभा सीट पर मतदान कल यानी 11 नवंबर को कराया जाएगा। 14 नवंबर को मतगणना होगी। वहीं, घाटशिला उपचुनाव से पहले विभिन्न दलो के कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए।

दरअसल, बीते रविवार को झामुमो महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष लिली भगत के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं और पुरुषों ने झामुमो पार्टी छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा नेता चंपई सोरेन ने नए सदस्यों का स्वागत किया।

इस दौरान चंपाई सोरेन ने कहा कि अब जनता का रुझान साफ दिखने लगा है। घाटशिला से परिवर्तन की शुरूआत हो चुकी है। जनता झूठे वादों से ऊब चुकी है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्वास जता रही है। चंपाई सोरेन ने कहा कि यह सिर्फ पार्टी परिवर्तन नहीं, बल्कि विचारधारा का बदलाव है। उन्होंने कहा कि भाजपा विकास और पारदर्शिता की राजनीति करती है, जबकि झामुमो ने जनता को केवल निराश किया है।



बता दें कि झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के आकस्मिक निधन से खाली हुई इस सीट पर अब उनके बेटे सोमेश चंद्र सोरेन मैदान में हैं और भाजपा की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन ताल ठोक रहे हैं। दोनों ही संताल समाज से आते हैं। इसलिए संभावना है कि आदिवासी मत दोनों तरफ जाएगा। भाजपा के अपने सहयोगी लोजपा के सहारे चार प्रतिशत दलित मतों को साथ लाने की कोशिश में हैं। झामुमो गठबंधन के मुस्लिम मंत्री भी अल्पसंख्यक मतों को अपने पाले में लाने के लिए लगे हैं, लेकिन भाजपा आदिवासी मतों के अलावा कुड़मी, पिछड़ी और अन्य दलित मतों पर नजर रख रही है। चंपाई के गहरे मित्र विद्युतवरण महतो की भी इस क्षेत्र में काफी पकड़ है। वे तीन बार से जमशेदपुर लोकसभा के सांसद भी हैं।

ज्ञात हो कि रामदास सोरेन एक साल से ज्यादा समय से किडनी संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे। उनका 15 अगस्त को एक अस्पताल में निधन हो गया था। इसी के कारण घाटशिला सीट पर उपचुनाव कराने की आवश्यकता पड़ी।

## एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा हंटरगंज ने दिया एकजुटता का परिचय

संवाददाता

**चतरा :** सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा प्रखंड इकाई हण्टरगंज के तत्वाधान में रविवार को प्रखंड के दिवंगत अध्यापक भागवत मिश्रा के शोकाकुल परिजनो से प्रखण्ड कमिटी ने मिलकर सन्तावना दिया और सहायता राशि के रूप में 92800(बानबे हजार आठ सौ रुपये मात्र) दिया गया। मध्य विद्यालय हंटरगंज के प्रांगण में प्रखंड संरक्षक शंभू प्रसाद यादव की अध्यक्षता में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा का संचालन प्रखंड सचिव इंद्रदेव यादव ने किया।ज्ञात हो कि ईलाज के अभाव में बीते 1 अक्टूबर 2025 को उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कासडाबर, मूल विद्यालय उत्क्रमित मध्य विद्यालय हटवरिया के सहायक अध्यापक भागवत मिश्रा का निधन हो गया था। दिवंगत मिश्र जी को



प्रखंड भर के सहायक अध्यापकों के सहयोग से सहायता राशि दी गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि प्रखण्ड के शिक्षको को एक-दूसरे का सहयोग हमेशा किया जाएगा। साथ ही संगठन मजबूती पर विशेष बल दिया गया तथा सरकार से सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा प्रखण्ड इकाई हंटरगंज यह माँग करती है कि दिवंगत के आश्रितो को नौकरी के साथ उचित मुआवजा मिले। कार्यक्रम में उपस्थित प्रखंड संरक्षक शंभु प्रसाद यादव, प्रदेश कोर कमिटी के सदस्य बिनोद कुमार, प्रखंड सचिव इंद्रदेव यादव,सभी चौदह संकुल के अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष के नेतृत्व में राजीव कुमार, श्रीनाथ सिंह,शंकर पासवान,पप्पू कु यादव, दीनानाथ यादव, अजय तिवारी,संजय कुमार दिनकर, डा। चंद्रू यादव, संकेत सिंह,अनिल सिंह, सत्येन्द्र यादव, नंदकेशवर यादव,बबन भुईयां, दिलीप कुमार सिंह , परमेश्वर सिंह धीरेन्द्र प्रसाद समेत दर्जनों सहायक अध्यापक मौजूद थे।

## संदेहास्पद अवस्था में पेड़ से झूलता मिला युवक का शव, मचा कोहराम

### हत्या या आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता

**चतरा :** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के औरु गांव में एक 35 वर्षीय युवक मनोज कुमार दास का शव रविवार अहले सुबह घर से 50 मीटर की दूरी पर संदेहास्पद स्थिति में एक पेड़ से झूलता हुआ मिला। जिसकी जानकारी ग्रामीणों ने हंटरगंज थाना को दी। सूचना मिलते ही हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया।मिली जानकारी के अनुसार उक्त युवक शनिवार की देर शाम 9 बजे अपने गाय को बांधने अपना गौशाला में गया था। इसके



बाद करीब 10 बजे रात्रि तक युवक घर नहीं लौटा। इसके बाद परिजनों और आसपास के लोगों ने देर रात तक उसकी काफी खोजबीन की। लेकिन युवक का पता नहीं चल पाया। रविवार की सुबह जब आसपास के लोग निकले तो इसी दौरान युवक का शव पेड़ पर झूलता हुआ मिला। इस बात की जानकारी परिजनों को दिया गया। मनोज कुमार दास मुंबई में रहकर मजदूरी कर करता था। उसका 2 बेटा और एक बेटी भी है। शव पेड़ से लटका हुआ मिलने की खबर पर स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर जुटी घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वही गांव में मातम छाया है। परिजन हत्या की आशंका जता रहे थे। हालांकि पुलिस शव को पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दी है। हत्या है या फिर आत्महत्या पुलिस जांच में जुटी है।

## रांची में आयोजित क्षत्रिय गौरव एकता मंच के सम्मलेन को भव्य बनाने का निर्णय

### क्षत्रिय गांवों से लोगों को सम्मेलन में भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए बनी रणनीति

संवाददाता

**चतरा :** क्षत्रिय गौरव एकता मंच के बैनर तले रविवार को जिला मुख्यालय स्थित जिला परिषद के किसान भवन में क्षत्रिय समाज के लोगों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मंच के जिला संयोजक अरुण कुमार सिंह ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व एमएलसी सह क्षत्रिय गौरव एकता मंच के प्रदेश संयोजक प्रवीण सिंह उपस्थित थे। बैठक में अगामी 22 फरवरी को रांची में आयोजित क्षत्रिय सम्मेलन को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। सम्मेलन में चतरा जिले से सभी क्षत्रिय समाज के गांवों से अधिक से अधिक



लोगों की भागीदारी सुनिश्चित कराने का निर्णय लिया गया। इसके लिए चतरा जिले में अरुण सिंह नागर की अध्यक्षता में गठित संयोजक मंडल को जिले के सभी प्रखंडों में क्षत्रिय समाज के लोगों की बैठक आयोजित करने तथा लोगों को रांची में आयोजित कार्यक्रम की जानकारी देने का निर्णय लिया गया। मुख्य अतिथि ने संयोजक मंडल को सभी क्षत्रिय समाज के गांव में जाकर लोगों को संगठित करने तथा रांची में आयोजित क्षत्रिय समागम कार्यक्रम में अधिक से अधिक की संख्या में भागीदारी सुनिश्चित कराने की बात कही। बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए क्षत्रिय गौरव एकता मंच के प्रदेश संयोजक प्रवीण सिंह ने कहा कि समाजिक, आर्थिक व राजनीति क्षेत्रों में क्षत्रिय समाज हमेशा से प्रतिनिधित्व करता आया है और आगे भी करता रहेगा। इसके लिए वर्तमान समय में समाज को संगठित होने की आवश्यकता पुरे देश में महसूस की जा रही है। इसी निमित्त झारखंड में भी 22 फरवरी को रांची में क्षत्रिय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जहां राज्य के सभी जिलों से क्षत्रिय समाज के लोग अपनी एकता का प्रदर्शन करेंगे। बैठक में कमल कुमार केसरी उर्फ पंडित सिंह, श्याम सिंह, रामबिलास सिंह, विनय सिंह, पारसनाथ सिंह, जितेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह, गोपाल सिंह, शिवबालक सिंह, बिनोद सिंह, अनिल सिंह, कुमार विवेक, बीट्टू सिंह, रशिक सिंह, भीम सिंह, सौरभ सिंह, मंजित सिंह, कुश सिंह,रंणजय सिंह, शुभम सिंह, अभिषेक सिंह सहित काफी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग उपस्थित थे।

## न्यूज IN ब्रीफ

### युवक ने की पत्नी की हत्या

**बोकारो :** जिले के बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के डीवीसी पुनर्वासित गांव नया बस्ती में बीते शनिवार की देर रात रुपेश यादव (35) ने सोती हुई पत्नी झालो देवी (30) की पहले हथौड़े से सिर कुचलकर और फिर चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी।

फर्श पर बिखरा था खून और पड़ी थी लाशः पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना उसके तीन छोटे बच्चों के सामने घटित हुई। जानकारी के अनुसार, वारदात रात करीब ढाई बजे की है। घटना के समय सात वर्षीय बेटी ऋद्धी रानी, चार वर्षीय पुत्र पीयूष और डेढ़ वर्षीय पुत्री मां के साथ कमरे में सो रहे थे। पत्नी की चीख सुनकर ऋद्धी की नींद खुली और उसके रोने की आवाज सुनकर पास में रहने वाली आरोपी की मां नुनवा देवी (65) कमरे तक पहुंचीं। जब दरवाजा खुलवाया गया तो नजारा बेहद भयावह था - फर्श पर खून बिखरा था और झालो देवी की लाश पड़ी थी। वहीं, गांव वालों ने आरोपी रुपेश को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल : सूचना मिलते ही बोकारो थर्मल थाना प्रभारी पिंकू कुमार यादव दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त हथौड़ा और चाकू जब्त करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। ग्रामीणों ने बताया कि रुपेश का अपने परिवार से अकसर झगड़ा होता रहता था। वह पहले भी पत्नी पर हमला कर चुका था और माता-पिता के साथ मारपीट करता था। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है। इस घटना से मृतका के तीनों बच्चों और सास-ससुर का रो-रोकर बुरा हाल है।

### खनन उद्योग में सुरक्षा एक सामूहिक जिम्मेवारी : सीएमडी



**धनबाद :** बीसीसीएल में रविवार को कोयला भवन मुख्यालय में कंपनी स्तरीय द्विपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल ने की। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत, राष्ट्रगान और कोल इंडिया कॉर्पोरेट गीत से हुई। इसके बाद दुर्घटनाओं में दिवंगत श्रमिकों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया। उपस्थित सभी ने सुरक्षा शपथ भी ली। महाप्रबंधक (सुरक्षा) संजय कुमार सिंह ने स्वागत भाषण दिया। सीएमडी श्री अग्रवाल ने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में कहा कि खनन उद्योग में सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। खनन उद्योग में सुरक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रबंधन, श्रमिक संगठन और प्रत्येक कर्मी को इसके पालन में सक्रिय रहना चाहिए। हमारा लक्ष्य हर हाल में शून्य क्षति की ओर बढ़ना है। उन्होंने यह भी कहा कि बीसीसीएल निरंतर ऐसी कार्य प्रणाली विकसित कर रहा है, जो दुर्घटनाओं की रोकथाम और जोखिम पहचान में कारगर सिद्ध हो। बैठक में सुरक्षा संस्कृति को व्यापक बनाने पर चर्चा की गयी। माइनिंग एवं सेफ्टी विभाग द्वारा पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से पिछली बैठक की अनुवर्ती रिपोर्ट पेश की गयी। क्षेत्रीय महाप्रबंधकों ने अपने-अपने क्षेत्रों से सुरक्षा संबंधी अनुभव और सुझाव साझा किये। बीसीसीएल प्रबंधन ने इन बिंदुओं पर गंभीरता से विचार करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लेकर दिशा-निर्देश दिये गये।

बीसीसीएल शून्य क्षति लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध : बैठक में निदेशक (मानव संसाधन) मुरली कृष्ण रमैया ने कहा कि बीसीसीएल शून्य क्षति के लक्ष्य के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। निदेशक (तकनीकी- संचालन) संजय कुमार सिंह ने कहा कि खनन में सुरक्षा केवल प्रक्रिया नहीं बल्कि मानव जीवन से जुड़ी संवेदनशील जिम्मेदारी है। वहीं निदेशक (तकनीकी- परियोजना एवं योजना) निलाद्री रॉय ने कहा कि सुरक्षा उपायों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए जोखिमों की पूर्व पहचान और ठोस निगरानी प्रणाली आवश्यक है। बैठक में बीसीसीएल सुरक्षा बोर्ड के सभी सम्मानित सदस्यों में उमेश कुमार सिंह (डीसीकेएस), एएम पॉल (बीसीकेयू), आरके तिवारी (बीसीएमयू), शिशिर कुमार महतो (एआईटीयूसी), रंजय कुमार (जेएमएस) और वीपी पांडे (केआईएमपी) शामिल थे। अंत में संचालन मुख्य प्रबंधक (खनन) किशोर यादव ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

### गौ माता हमारे लिए उपयोगी, करें संरक्षण : गोपाल शर्मा



**धनबाद :** श्री गंगा गोशाला कतरास-करकेंद का 106वां वार्षिक अधिवेशन का समापन रविवार को हुआ। समापन समारोह में सरस्वती शिशु मंदिर श्यामडीह की छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। अधिवेशन की अध्यक्षता गोशाला के अध्यक्ष अनीश दुकनिया ने की। अतिथियों ने गोशाला की स्मारिका का विमोचन किया। संचालन कमलेश सिंह ने किया। सभी करें गौ माता का पालनः अधिवेशन में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के राष्ट्रीय प्रांत प्रचारक गोपाल शर्मा ने कहा कि विश्व को बचाना है, तो सेवा करना चाहिए। गौ माता में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है। गौ माता हमारे लिए काफी उपयोगी होता है। उसका संरक्षण करें। कहा : मौता माता के स्पर्श से रोगों का निवारण हो सकता है। ब्लड प्रेशर नॉर्मल रहता है। गोमूत्र से कैंसर सहित कई बीमारियों की औषधियां तैयार की जा रही है। जिन घरों में गायों का वास होता है, वहां कभी अशांति नहीं होती है। इसलिए सभी को गौ माता का पालन करना चाहिए। गोशाला के महासचिव महेश अग्रवाल ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने गोशाला के दान दाताओं, कर्मियों व लोगों का आभार जताया। गंगा गोशाला के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल ने गोशाला में पिछले 12-13 वर्षों से गो सेवा का अनुभव साझा किया। इससे पूर्व गंगा गोशाला के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनीश डोकानिया का स्वागत किया गया।

### टैगोर हिल में एनएसएस स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**रांची :** संत जेवियर्स कॉलेज की एनएसएस इकाई की ओर से सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन रविवार को टैगोर हिल में स्वच्छता अभियान के साथ हुआ। स्वच्छ रांची, सुंदर रांची के नारे के साथ स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह से सफाई अभियान चलाया व पर्यावरण संरक्षण और जन-जागरुकता का संदेश दिया। इसके अलावा कॉलेज परिसर और ऑक्सीजन पार्क में भी योग सत्र आयोजित किया गया।

### ठंड ने पकड़ी रफ्तार,तीन दिन में छह डिग्री गिरा तापमान

# रांची का पारा 11.8 डिग्री, 6 जिलों में आज से चलेगी शीतलहर

**संवाददाता**



रांची: राज्य में ठंड ने रफ्तार पकड़ ली है। उत्तर और मध्य झारखंड में शीतलहर स्थिति बनने लगी है। पश्चिमी विक्षोभ से सर्दी बढ़ने लगी है। उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र से आ रही ठंडी हवाओं ने तापमान को गिरा दिया है। मौसम केंद्र ने कई जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

राजधानी रांची समेत आसपास के इलाकों में पिछले तीन दिनों से न्यूनतम तापमान में करीब छह डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ चुकी है। रविवार को रांची का न्यूनतम तापमान 11.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह की हवा में तेज सिहरन महसूस की गयी। रविवार को दो जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया। मौसम विभाग ने 10 और 11 नवंबर को पलामू, गढ़वा, चतरा, गुमला, लातेहार और लोहरदगा में शीतलहर चलने की संभावना जताई है। इसको लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विभाग रांची के मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि पिछले 24 घंटे में खूंटी राज्य में सबसे ठंडा रहा। यहां का न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री गिरकर 9.6 डिग्री पर पहुंच गया। वहीं सिमडेगा का पारा 3.7 डिग्री गिरकर 9.9 पर पहुंच गया। रांची के न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। एक दिन में पारा 3.4 डिग्री गिरकर 11.8 डिग्री पर पहुंच गया है। अगले दो दिनों में न्यूनतम पारे में दो-तीन डिग्री तक गिरावट आ सकती है। रांची का अधिकतम तापमान 25 से 26 डिग्री के बीच बना हुआ है।

## घाटशिला उपचुनाव: कड़ी सुरक्षा के बीच ईवीएम के साथ मतदानकर्मी रवाना, 300 बूथ पर वोटिंग कल

**संवाददाता**



**जमशेदपुर:** घाटशिला विधानसभा में 11 नवंबर को होने वाले उपचुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पूरी तैयारी कर ली है। जमशेदपुर स्थित को-ऑपरेटिव कॉलेज डिस्पैच सेंटर से मतदान दलों को रवाना किया जा चुका है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय ने डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण कर सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, मतदानकर्मियों एवं सुरक्षा बलों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी मतदान दलों को निर्धारित समय पर अपने अपने मतदान केंद्रों पर पहुंचने और निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेशों का पालन करने के निर्देश दिए हैं।

घाटशिला उपचुनाव के लिए मतदानकर्मी रवाना: बता दें, कि घाटशिला विधानसभा में कुल तीन सौ मतदान केंद्र है। यहां मतदान के लिए 1200 से ज्यादा मतदानकर्मियों को रवाना किया गया है। मतदानकर्मियों के साथ, ईवीएम भी रवाना की गई है। जीपीएस लगे वाहनों से मतदानकर्मियों को कड़ी सुरक्षा के साथ, घाटशिला रवाना किया गया है। मतदान केंद्र में ही कर्मियों के रहने की अस्थाई व्यवस्था की गई है।

## राज्य व हाईकोर्ट स्थापना दिवस को लेकर रांची पुलिस की छुट्टियां रद्द

**संवाददाता**



रांची: झारखंड राज्य स्थापना का सिल्वर जुबली और झारखंड उच्च न्यायालय के स्थापना के 25 वर्षों के कार्यक्रम के मद्देनजर राजधानी रांची में सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए रांची पुलिस का अवकाश रद्द कर दिया गया है।

**11 से 16 नवम्बर तक सभी पुलिसकर्मियों और अधिकारियों का अवकाश रद्द**

रांची एसएसपी राकेश रंजन ने आदेश जारी किया है जिसमें बताया गया है कि 11 से 16 नवम्बर तक सभी पुलिसकर्मियों और अधिकारियों का अवकाश तत्काल प्रभाव से रद्द रहेगा। केवल विशेष परिस्थिति में ही छुट्टी दी जाएगी और पूर्व में स्वीकृत अवकाश के लिए भी अनुमति लेना आवश्यक होगा। आदेश के अनुसार, इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की जाएगी ताकि सुरक्षा व्यवस्था प्रभावी ढंग से सुनिश्चित की जा सके।

**पुलिस प्रशासन ने जनता से की सहयोग अपील**

सभी थाना, ओपी, शाखा प्रभारी, परिचारी प्रवर एवं संबंधित डीएसपी को निर्देश दिया गया है कि वे अपने अधीनस्थ पुलिसकर्मियों से तुरंत संपर्क स्थापित करें और उन्हें 10 नवम्बर तक अपने कर्तव्य स्थल पर लौटने का निर्देश दें। साथ ही इस संबंध में प्रतिवेदन भी मांगा गया है। यह फैसला झारखंड स्थापना दिवस और उच्च न्यायालय के सिल्वर जुबली समारोह को सफल बनाने के लिए सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह मजबूत बनाने के लिए किया गया है। पुलिस प्रशासन ने जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि सुरक्षा कारणों से ये आवश्यक कदम उठाए गए हैं।

### राज्य स्तरीय सेपकटकरा अंडर 14, 17 व 19 का सलेक्शन ट्रायल संपन्न

## चयनित खिलाड़ी नेशनल एसजी एफआई में लेंगे हिस्सा

**संवाददाता**



**रांची :** आज यहां जयपाल सिंह स्टेडियम में राज्य स्तरीय सेपकटकरा अंडर 14, 17 व 19 का सलेक्शन ट्रायल सम्पन्न हो गया। इस सलेक्शन ट्रायल में विभिन्न जिलों के चुने हुए खिलाड़ियों ने भाग लिया।

चयन ट्रायल में राज्य शिक्षा परियोजना पदाधिकारी धीर सेन सोरेंग के साथ साथ झारखण्ड राज्य सेपक टकरा एसोसिएशन के सुनील सूर्यात, उदय साहू,चंचल भट्टाचार्य, विभूति भूषण अमर, सुनील यादव,शैलेन्द्र कुमार, शिवेंद्र दुबे व अन्य उपस्थित थे।

ट्रायल का संचालन सेपकटकरा एसोसिएशन ऑफ झारखण्ड के द्वारा नियुक्त तकनीकी समिति के द्वारा किया गया। समिति में अमरेंद्र दत्त द्विवेदी इंटरनेशनल जज सह कोच अमरेंद्र दत्त द्विवेदी, रत्नेश कुमार,राजकुमार महतो, साकेत सौरभ,रौनक कुमार, गोपाल मुंडा, भोला कुमार, आशीष खलखो, विवेक कुमार महतो, प्रफफुल पूरन, अनिरुद्ध द्विवेदी आदि शामिल थे।।

## विश्वासियों से बनती है कलीसिया : आर्चबिशप

### फादर कांस्टेंट लीवंस की पुण्यतिथि पर विशेष मिस्सा

**रांची:** ईश सेवक फादर कांस्टेंट लीवंस की 132 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को संत मरिया कैथेड्रल में विशेष मिस्सा का आयोजन हुआ। मिस्सा अनुष्ठान के मुख्य अनुष्ठाता आर्चबिशप विसेंट आईंद थे। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ईट पत्थर से बने गिरजाघर अपनी जगह पर है। पर आज के पाठ वचन हमें यह बताते हैं कि विश्वासियों से कलीसिया बनती है। यहीं वह कलीसिया है जिसमें प्रभु का वास होता है। उन्होंने संत पॉल्स को उद्धृत करते हुए कहा कि हममें से हरेक जन ईश्वर का मंदिर है। आर्चबिशप ने एक युवा लड़के का उदाहरण दिया। वह लड़का अपनी जिंदगी से निराश था और आत्महत्या करने के ख्याल से चला जा रहा था। रास्ते में उसे एक गिरजाघर मिलता है वहां से गीत और प्रार्थना की आवाजों को सुन वह गिरजाघर के अंदर चला गया। वहां प्रभु के वचनों को सुन उसका ख्याल बदल गया और उसे जीवन जीने की नयी दृष्टि मिली। यीशु कहते हैं कि मैं सदा के लिए तुम्हारे लिए उपस्थित हूं। हमारी धार्मिकता और प्रार्थना दिखावे के लिए नहीं होनी चाहिए। इससे पूर्व फादर दीपक ने आज के दिन के महत्व के बारे में बताया। मिस्सा में फादर आनंद डेविड सहित अन्य पुरोहित व बड़ी संख्या में विश्वासी मौजूद थे।

## सोलर जलमीनार पांच महीने से खराब

**मांडर :** पंचायत सचिवालय के निकट स्थित सोलर जलमीनार से पिछले पांच महीने से पानी की आपूर्ति ठप है। जानकारी के अनुसार जलमीनार के मोटर का स्टार्टर खराब हो गया है। जिसके चलते यहां से लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। करीब 4000 लीटर की क्षमता वाले इस जलमीनार का निर्माण पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने कराया था। जिससे पंचायत सचिवालय में आनेवाले ग्रामीणों समेत अगल-बगल के घरों व दुकानदारों को शुद्ध पेयजल मिलता था। जलमीनार से पानी की आपूर्ति बंद रहने के कारण लगे नल की भी चोरी हो गयी है। ग्रामीणों के अनुसार एक बार उन्होंने आपस में चंदा कर स्टार्टर की मरम्मत भी करायी थी।

## रांची - पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस के प्रस्थान समय में परिवर्तन



**रांची:** लिंक रेक के विलम्ब से चलने की वजह से ट्रेन संख्या 12366 रांची - पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस यात्रा प्रारंभ दिनांक 10/11/2025 के प्रस्थान समय में परिवर्तन किया गया है, यह ट्रेन अपने निर्धारित प्रस्थान समय 14:25 बजे के स्थान पर 15:45 बजे रांची से प्रस्थान करेगी।

## झारखंड कैबिनेट की बैठक 12 को लिए जाएंगे कई अहम फैसले

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक 12 नवंबर को होगी। यह बैठक दोपहर तीन बजे से प्रोजेक्ट भवन में होगी। यह जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने दी है। इस बैठक में पेसा नियम, पथ, ऊर्जा, कृषि सहित अन्य विभागों के प्रस्तावों पर मंजूरी मिल सकती है।



### होपवेल हॉस्पिटल की बड़ी उपलब्धि

## गर्भवती महिला की बच्चेदानी में सात किलो के ट्यूमर की सफल सर्जरी

### ढाई किलो वजन के बच्चे की सिजेरियन डिलिवरी भी हुई सफलतापूर्वक




**मेट्रो रेज**

**रांची:** कर्बला चौक के नूर टावर स्थित होपवेल हॉस्पिटल में एक गर्भवती महिला की बच्चेदानी में विकसित ट्यूमर की सफल सर्जरी की गई। इस संबंध में होपवेल अस्पताल के संचालक प्रख्यात लेप्रोस्कोपिक व गैस्ट्रो सर्जन डॉ शाहबाज आलम और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ नेहा अली ने पत्रकारों को बताया कि लातेहार निवासी गर्भवती महिला मरीज विगत दिनों इलाज के लिए आई। लगभग साढ़े आठ माह की गर्भवती महिला की बच्चेदानी (गर्भाशय) में सात किलो का ट्यूमर हो गया था। इसके अलावा वह लीवर रोग व डायबिटिज से भी पीड़ित थी। पहले उक्त महिला की सीजेरियन कि गई, तत्पश्चात ऑपरेशन कर गर्भाशय के ट्यूमर को निकाला गया। अब नवजात शिशु व महिला स्वस्थ हैं। डॉ नेहा अली ने बताया कि ऐसी जटिल मामले में शल्य चिकित्सा कर महिला की सुरक्षित डिलीवरी कराना और बच्चेदानी से ट्यूमर निकालना काफी चुनौतीपूर्ण था। अब मरीज और बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ है। डॉ। नेहा अली ने बताया कि इस तरह के क्रिटिकल मामले में मेजर सर्जरी की आवश्यकता होती है। उन्होंने मरीज के परिजनों की सहमति से उनका ऑपरेशन किया और ट्यूमर निकालने में सफल रहीं। इस तरह की सर्जरी अमूमन बड़े शहरों के अस्पतालों में कराने पड़ते हैं। जबकि होपवेल हॉस्पिटल में यह सर्जरी काफी किफायती दर पर की गई। गौरतलब है कि होपवेल हॉस्पिटल में प्रख्यात लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ।शाहबाज आलम एवं उनकी टीम द्वारा कई ऐसे जटिल सर्जरी किए जा चुके हैं, जिसके लिए मरीजों को बड़े शहरों का रुख करने को विवश होना पड़ता है।

प्रेस वार्ता में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ नेहा अली ने कहा कि गर्भवती महिलाओं को विशेषज्ञ चिकित्सक की निगरानी में नियमित जांच करना चाहिए। वहीं,संतुलित खान-पान और संयमित दिनचर्या से गर्भवती महिलाओं का ऐसी जटिल परिस्थितियों से बचाव संभव है।

## थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए आयोजित रक्तदान-महादान शिविर में संग्रहित रक्त सदर अस्पताल को सौंपा गया

**मेट्रो रेज**



**रांची:** लहू बोलेगा रक्तदान संगठन रांची एवं खादगढ़ा बस स्टैंड परिवार द्वारा पहली बार बिरसा मुंडा बस टर्मिनल में रक्तदान-महादान शिविर टर्मिनल भवन में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची के सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने कहा कि रक्तदान आयोजन बेहद सरहनीय एवं मानवीय संवेदना का लाजवाब प्रयास है,जो जारी रहना चाहिए जिसकी हर समय जरूरत है। थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों की दवा सदर अस्पताल रांची से निःशुल्क मिलती है जो दवा आपलोगों को दूसरे राज्य से शुल्क देकर होम डिलीवरी कर मंगवानी होती है वह सदर अस्पताल से हर संभव प्रयास कर सभी दवाएं निःशुल्क मिलेगी।जल्द ही सदर अस्पताल रांची में बोन मैरो ट्रांसप्लांट होगा,12 से 28 नवंबर तक रक्तदान-महादान शिविर अभियान में आप सभी लोग रक्तदान शिविर आयोजित करने में सहयोग करें।

विशिष्ट अतिथि श्री महावीर मंडल रांची अध्यक्ष जयसिंह यादव एवं सेंट्रल मोहर्रम कमेटी रांची के महासचिव अखिलूर रहमान ने कहा कि हमलोगों के द्वारा सभी संगठनों को जोड़कर झारखंड सरकार के 12 से 28 तक के रक्तदान शिविर अभियान में श्रीमान डीसी रांची साहब के साथ चर्चा कर शिविर आयोजित होगा।

लहू बोलेगा एवं झारखंड थैलेसीमिया पीड़ित एसोसिएशन के द्वारा रक्तदान-महादान अभियान एवं प्रोत्साहन कार्यक्रम थैंक्यू अंकल अभियान के तहत जारी रहेगा। जिसमें थैलेसीमिया पीड़ितों/परिजनों एवं दिव्यंजनों के लिए 25 नवंबर को चैरिटेबल कार्यक्रम सुर संगम सांध्य का आयोजन रांची में मेरी आवाज-मेरी पहचान के समन्वय से होगा।

कार्यक्रम में सभी अतिथियों एवं रक्तदाताओं को गुलाब पुष्प थैलेसीमिया पीड़ितों ने दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सेंट्रल मोहर्रम कमेटी रांची/केंद्रीय शांति समिति रांची के अकिलूर रहमान ने किया जबकि संचालन लहू बोलेगा के नदीम खान एवं धन्यवाद ज्ञापन बस टर्मिनल के निगम प्रभारी शंकर महतो ने किया।

रक्तदान करने में सुनील महतो,आशीष हांसदा,अशोक महतो,तन्मय रौशन,दिनेश महतो,इंजीनियर शाहनवाज,मो बब्बर, अमजद खान,सुधीर कुमार,निखिल कुमार, दीपक सिंह,निशांत शर्मा,पिंटू शर्मा एवं मुकेश कुमार शामिल थे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार, विशिष्ट अतिथि महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष जयसिंह यादव,सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के महासचिव अकीलुर रहमान,बस टर्मिनल टीओपी प्रभारी सुनील जी,मौलाना डॉ ओबैदुल्लाह कासमी, बस टर्मिनल के निगम प्रभारी शंकर महतो, पूर्व पार्षद 12 के कुलभूषण डुंगडुंग,शिक्षक औरेन्जेब खान,समाजसेवी मो फिरोज, बस मालिक मुन्ना,जेएमएम नेता आफताब आलम,थैलेसीमिया पीड़ित परिजन संजय महतो,जगरनाथ महतो,संजय टोप्पो,देवकी देवी,शकुंतला,पीड़ित सोनम कुमारी,प्रगति, लहू बोलेगा के नदीम खान,इंजीनियर शाहनवाज अब्बास,मो बब्बर,आरटीआई एक्टिविस्ट अकरम राशिद,पत्रकार बुलंद अख़्तर व अन्य शामिल थे।

## सूक्ति

सबसे प्रेम करो, कुछ पर विश्वास करो
अन्याय किसी के साथ मत करो : शेक्सपियर

## घुसपैठियों के सेवा सदन

**प्रधानमंत्री** मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और बिहार चुनाव के प्रभारी एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान विदेशी घुसपैठियों के मुद्दे पर कुछ भी बयान देते रहें, पांच साल में बिहार को घुसपैठिया-मुक्त करने के दावे करते रहें, लेकिन 11 साल की भारत सरकार में उन्होंने कितने घुसपैठियों को चिह्नित किया और उनके देश वापस भेजा है, इसकी सही संख्या बताने को कोई तैयार नहीं है। भाजपा 1989 से संयुक्त बिहार में घुसपैठियों का मुद्दा उठाती रही है, लेकिन आज भी वह उतना ही प्रासंगिक है। चूंकि बिहार में दूसरे चरण के मतदान से पहले गांवों-कस्बों में जातीय गोलबंदी कसती जा रही है, लिहाजा प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और भाजपा के बड़े नेताओं को मजबूरन घुसपैठ, घुसपैठ चिल्लाना पड़ रहा है। जातीय गोलबंदी की काट के लिए हिंदू-मुसलमान का राग अलापना पड़ा है। घुसपैठियों के स्थूल मायने हैं कि वे मुसलमान ही होंगे, लिहाजा इस तरह भाजपा हिंदू वोट बैंक को लामबंद करने की राजनीति खेल रही है। गृहमंत्री अमित शाह ने तो यहां तक कह दिया कि राहुल बाबा और लालू के बेटे को वोट की खातिर घुसपैठिया यात्रा निकालनी पड़ी। वे उन्हें देश के नागरिक बनाने पर आमादा हैं, लेकिन हम घुसपैठियों को चुन-चुन कर देश से बाहर निकालेंगे। मई, 2014 से पहले लगातार 10 साल तक केंद्र में कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार थी। उस दौरान 2005 से 2013 तक कुल 88,792 विदेशी घुसपैठियों की धरपकड़ की गई। उन्हें उनके मूल देश वापस भी भेजा गया होगा, लेकिन मौजूदा भाजपा-एनडीए सरकार के अभी तक 11 साल के कार्यकाल में 2500 घुसपैठियों को भी चिह्नित करके देश से खदेड़ा नहीं जा सका है। यह सरकारी आंकड़ों से ही स्पष्ट है। इस साल अक्तूबर, 2025 तक का आंकड़ा मात्र 235 है, जबकि करीब 1100 घुसपैठिए दिल्ली के सेवा सदनों में हिरासत में कैद हैं, लेकिन रोटियां फाड़ रहे हैं और सरकारी मलाई चाट रहे हैं। दरअसल मोदी सरकार की एक नई सोच, रणनीति, दृष्टि सामने आई है, जिसे देश शायद ही जानता होगा! केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक गजट अधिसूचना के जरिए राज्यों और संघशासित प्रदेशों को आदेश जारी किए हैं कि वे अवैध, विदेशी घुसपैठियों के लिए डिटेंशन सेंटर (हिरासत केंद्र) स्थापित करें। गृह मंत्रालय का तर्क है कि ये हिरासत केंद्र बनाना इसलिए जरूरी है, ताकि घुसपैठियों को देश से बाहर निकालने से पहले उनकी देश के भीतर आवाजाही प्रतिबंधित की जा सके। मोदी सरकार अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप की तरह घुसपैठियों को हथकड़ी और बेड़ियों में बांध कर देश-निकाला क्यों नहीं दे सकती? अमेरिका ने तो भारतीय अवैध प्रवासियों को इस तरह भेजा था, लेकिन मोदी सरकार एक लंबी प्रक्रिया के तहत इस समस्या को बरकरार रखना चाहती है। गृह मंत्रालय ने ये आदेश भी जारी किए हैं, जिनकी परिधि में निजी क्षेत्र भी है। आदेश के अनुसार, कोई भी विदेशी, जिसके पास भारत में रोजगार करने का वैध वीजा है, वह नागरिक प्राधिकरण की अनुमति के बिना, बिजली या पानी की आपूर्ति अथवा पेट्रोलियम क्षेत्र में कार्यरत निजी क्षेत्र के किसी भी उपक्रम में, काम नहीं कर सकेगा। रक्षा, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, परमाणु ऊर्जा या मानवाधिकार अथवा इस संबंध में निर्दिष्ट किसी अन्य निजी क्षेत्र के उपक्रम में, केंद्र सरकार की पूर्व अनुमति के बिना, ऐसे विदेशियों को रोजगार पर नहीं रखा जा सकता। सवाल है कि विदेशी घुसपैठियों के मद्देनजर यह सब कुछ करना क्यों जरूरी समझा गया? क्या घुसपैठियों को चिह्नित करने, उन्हें सजा देने, अंततः उनके मूल देश वापस भेजने में भारत सरकार को दिक्कतें पेश आ रही हैं? अब तो ब्रिटेन ने भी भारतीय अप्रवासियों के करीब 98,000 वीजा दोबारा चैक करने का फैसला लिया है। जाहिर है कि वह भी अवैध घुसपैठियों को देश से निकालने की राह पर चल पड़ा है। राजधानी दिल्ली में ही घुसपैठियों के लिए तीन सेवा सदन स्थापित हैं। ये उन हिरासत केंद्रों के नाम हैं, जहां बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को कैद करके रखा गया है। दरअसल घुसपैठ पर मोदी सरकार की नीति स्पष्ट और पारदर्शी नहीं है। असम में घुसपैठियों को लेकर जो अभियान चलाया गया था, उसमें अधिकतर गैर-मुस्लिम निकले, लिहाजा अभियान को रोक देना पड़ा। घुसपैठियों पर सख्ती जरूरी है, क्योंकि कोई भी विदेशी भारत को धर्मशाला समझ कर नहीं घुस सकता। अवैध घुसपैठ पर जल्द से जल्द रोक लगनी चाहिए।

## सरकार चोरी के संगीन आरोप

**नेता** प्रतिपक्ष (लोकसभा) राहुल गांधी ने वोट चोरी के जो खुलासे किए हैं, उन्हें हाइड्रोजन बम कहें अथवा सरकार चोरी के संगीन आरोप कहें, लेकिन उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। राहुल के आरोप चुनाव आयोग की वेबसाइट के तथ्यों पर आधारित हैं। यदि उनमें एक भी आरोप अकाट्य है, अर्द्धसत्य भी है, तो चुनाव आयोग का पूर्ण सत्य ध्वस्त हो सकता है। ऐसे खुलासे सामने आए हैं, जो भारत के चुनाव आयोग की विश्व-विख्यात, तटस्थ, निष्पक्ष, ईमानदार छवि को कलंकित कर सकते हैं। यदि चुनाव आयोग और प्रक्रिया ही दागदार और सवालिया हैं, तो लोकतंत्र की आत्मा ही मर जाएगी, लिहाजा हलफनामे की औपचारिकताओं के बिना ही कमोबेश मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को इन आरोपों के जवाब देने चाहिए। चूंकि चुनाव आयोग के हरेक महत्वपूर्ण आयोजन पर मुख्य चुनाव आयुक्त ही देश को संबोधित करते रहे हैं, लिहाजा अब उनकी खामोशी अक्षम्य है। यदि चुनाव आयोग और उसके तीन सूत्रधार आयुक्तों को राहुल गांधी के आरोप बेबुनियाद और खोखले लगते हैं, तो वे कानूनी कार्रवाई करें। प्राथमिकी दर्ज कराएं और राहुल को आरोपित बना कर सर्वोच्च अदालत में केस चलाएं। खामोशी या हलफनामे की शर्त अथवा कांग्रेस के चुनाव एजेंटों पर सवाल दागना कोई स्पष्टीकरण नहीं है। यह देश की सुरक्षा के साथ भ्रष्ट समझौता है कि हरियाणा की मतदाता सूची में ब्राजील की एक मॉडल का फोटो 22 जगह है। एक ही फोटो के साथ सीमा, सरस्वती, स्वीटी, रश्मि, विमला आदि नाम हैं। आखिर यह कैसे हुआ? क्या चुनाव आयोग इतनी लापरवाही से मतदाता पहचान पत्र बनाता है? आयोग का अपना आधुनिक सॉफ्टवेयर है। वह क्लिक करते ही किसी भी फ्रॉड, फर्जी और नकलीपन को पकड़ सकता है और उसे खारिज कर सकता है। राहुल गांधी के खुलासे के मुताबिक, हरियाणा की मतदाता सूची में 5,21,619 डुप्लीकेट मतदाता हैं। चुनाव में 25.41 लाख से अधिक वोटों की चोरी की गई। फर्जी फोटो के साथ मतदाताओं की संख्या 1,24,177 है। हरियाणा में प्रत्येक 8 में से 1 मतदाता नकली है। एक ही पते पर कई वोटर बनाए जाने को बल्क वोटर कहते हैं। यदि एक ही पते पर 10 से अधिक मतदाता हैं, तो चुनाव आयोग को उसकी जांच करना अनिवार्य है, लेकिन हरियाणा में एक ही पते पर 66 या 501 मतदाता बनाए गए। हरियाणा में बल्क वोटर की संख्या 19 लाख 26 हजार 351 है। राज्य की मतदाता सूची में 93,174 मतदाता ऐसे हैं, जिनके पते अमान्य हैं। मतदाताओं के मकान नंबर 0 दिए गए हैं या कुछ और हैं। यानी छोटे से राज्य हरियाणा की मतदाता सूची में इतनी स्पष्ट गड़बड़ियां अथवा विसंगतियां हैं! आखिर संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग कैसे मतदाता सूचियों के शुद्धिकरण का दावा कर सकता है? हालांकि हम राहुल गांधी के संगीन आरोपों की पुष्टि नहीं कर सकते, क्योंकि हरियाणा की मतदाता सूची हमारे सामने नहीं है और न ही हमने उसका अध्ययन किया है। नेता प्रतिपक्ष ने वोट चोरी के ऐसे ही आरोप महाराष्ट्र, बिहार, कर्नाटक, दिल्ली आदि राज्यों में भी लगाए हैं। इन अभियानों को विदेशी षड्यंत्र का हिस्सा करार देकर अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला नहीं झाड़ा जा सकता। चुनाव आयोग राष्ट्र से ऊपर नहीं है, लिहाजा वह देश के प्रति पूरा जवाबदेह है।

# स्वदेशी, आत्मनिर्भरता व आर्थिक सुधार

> इस बात पर भी ध्यान दिया जाना होगा कि विनिवेश से प्राप्त राशि का एक हिस्सा सार्वजनिक ऋण की अदायगी में भी उपयोग किया जा सकता है। ऐसे में सरकार पर ब्याज भुगतान का बोझ कम होगा और राजकोषीय गुंजाइश बढ़ेगी। ऐसी स्थिति सरकार और अर्थव्यवस्था के लिए बेहतर होगी। उम्मीद करें कि सरकार देश की अर्थव्यवस्था को 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 2047 तक विकसित देश बनाने के लिए स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के साथ नए सुधारों की डगर पर बढ़ेगी।

**डा. जयंतीलाल भंडारी**

हाल ही में 7 नवंबर को प्रकाशित विश्व बैंक की वित्तीय क्षेत्र आकलन (एफएसए) रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत विकास की डगर पर आगे बढ़ रहा है। अब भारत को 2047 तक 30000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए आर्थिक-वित्तीय क्षेत्र में सुधारों को और तेजी देने तथा निजी पूंजी जुटाने को बढ़ावा देने की जरूरत है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि 2017 में पिछले एफएसए के बाद से भारत की वित्तीय प्रणाली अधिक मजबूत, विविध और समावेशी हो गई है। रिपोर्ट में कहा गया कि वित्तीय क्षेत्र में सुधारों ने भारत को 2010 के दशक के विभिन्न संकटों और महामारी से उबरने में मदद की। रिपोर्ट में खाता उपयोग को और बढ़ावा देने और व्यक्तियों तथा एमएसएमई के लिए वित्तीय उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला तक पहुंच को आसान बनाने के सुझाव भी दिए गए हैं। गौरतलब है कि हाल ही में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने एसबीआई कॉन्क्लेव 2025 को संशोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2014 से स्वदेशी आत्मनिर्भरता और आर्थिक सुधार देश की अर्थव्यवस्था बड़ा सहारा बन गए हैं। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना एक ऐसे राष्ट्र की है, जो अपने लिए और दुनिया के लिए डिजाइन, उत्पादन और नवाचार करता है। साथ ही एक ऐसी अर्थव्यवस्था की है, जो आत्मविश्वास, उद्यमिता और संवेदनशीलता से प्रेरित हो। आत्मनिर्भर भारत के पांच प्रमुख आयाम हैं, जिसमें आर्थिक आत्मनिर्भरता, सामाजिक आत्मनिर्भरता, तकनीकी आत्मनिर्भता, सामरिक आत्मनिर्भरता और ऊर्जा आत्मनिर्भरता शामिल हैं। सीतारमण ने कहा है कि आत्मनिर्भरता का अर्थ दुनिया से अलग-थलग रहना नहीं है, बल्कि यह एक मजबूत और सक्षम परस्पर निर्भरता है, जो घरेलू जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ वैश्विक वैल्यू चेन से जुड़ने की क्षमता रखती है।

स्वदेशी और आत्मनिर्भरता का अंतिम लक्ष्य 2047 तक आम आदमी के विकास के साथ विकसित भारत का निर्माण करना है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि पिछले एक दशक में भारत स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के साथ अपने आर्थिक, वित्तीय और अन्य सुधारों के दम पर वैश्विक चुनौतियों के बीच मजबूती से आगे बढ़ा है। साथ ही भारत की घरेलू खपत भी भारत की आर्थिक शक्ति बन गई है। हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अपनी नई रिपोर्ट में कहा है कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 में वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और व्यापार तनाव के बीच वैश्विक वृद्धि दर धीमी है, इसके बावजूद भारत मजबूत घरेलू खपत के दम पर 6.6 फीसदी विकास दर प्राप्त करते हुए दुनिया की उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओ में सबसे अधिक विकास दर की संभावनाएं रखता है। साथ ही भारत की विकास दर चीन से भी अधिक अनुमानित है। इसी तरह एसबीआई कैपिटल मार्केट्स की नई रिपोर्ट में कहा गया है कि इस समय वैश्विक व्यापार की चुनौतियों और ट्रंप के 50 फीसदी उच्च टैरिफ के चलते भारत की अर्थव्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। ऐसे में चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही यानी अक्टूबर से मार्च के बीच मजबूत घरेलू खपत और सरकार के पूंजीगत व्यय अर्थव्यवस्था को सहारा देते हुए दिखाई देंगे। बीते माह अक्टूबर 2025 में घरेलू खपत तेजी से बढ़ी है। निःसंदेह स्वदेशी और आत्मनिर्भरता से भारत की नई आर्थिक अनुकूलताओं और विकास की नई संभावनाओं का सुकूनदेह परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। इस समय महंगाई घटने और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों से भारत की घरेलू खपत तेजी से बढ़ते हुए दिखाई दे रही है। पिछले दिनों दिवाली के त्योहारी बाजार में बिक्री रिकॉर्ड ऊंचाई पर रही है। ई-कॉमर्स ने दमदार उछाल दर्ज की है। यह भी महत्वपूर्ण है कि फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के मुताबिक जहां वर्ष 2023 में दिवाली के त्योहारी बाजार में 3.75 लाख करोड़ रुपये और वर्ष 2024 में 4.25 लाख करोड़ रुपये की खरीददारी हुई थी, वहीं इस बार त्योहारी सीजन के तहत खरीददारी छह लाख करोड़ रुपये के अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गई। निश्चित रूप से इस वर्ष 2025 में कर संरचना को सरल बनाने वाले जीएसटी तथा आयकर सुधारों के बाद अब सरकार अगली पीढ़ी के सीमा शुल्क सहित अन्य सुधारों की डगर पर तेजी से काम कर रही है। इसी के आधार पर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी भारतीय अर्थव्यवस्था जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में रेखांकित होते हुए दिखाई दे सकेगी। ऐसे में अब कई अहम बातों पर ध्यान दिया जाना जरूरी है।

पेट्रोल और डीजल को भी जीएसटी व्यवस्था में शामिल करने की तैयारी करनी होगी। एक बार जब पेट्रोल और डीजल को जीएसटी प्रणाली में शामिल कर लिया जाएगा, तो इनके उपभोक्ताओं को तो लाभ होगा ही, लेकिन इनका उपयोग करने वाली प्रत्येक कंपनी को भी लाभ होगा, क्योंकि वे इन उत्पादों पर दिए गए कर को अपने अंतिम कर भुगतान के विरुद्ध समायोजित कर लाभ ले सकेंगी। अब जीएसटी कर मूल्यांकन प्रणाली को व्यवस्थित करना भी आवश्यक है। इस बात पर ध्यान देना होगा कि जिस प्रकार इनकम टैक्स मूल्यांकन प्रणाली अब पूरी तरह से ऑनलाइन हो चुकी है और इसमें आम तौर पर किसी मानव हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं होती, वैसा ही अब जीएसटी प्रणाली को पूरी तरह ऑनलाइन और फेसलेस बनाने के लिए आगे बढ़ा जाना होगा। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि लोगों के जीवन को आसान बनाने व आर्थिक मजबूती के लिए अब सरकार को आगामी पीढ़ी के सुधार एजेंडा पर तेजी से आगे बढ़ना होगा। सरकार को कृषि, बैंकिंग, श्रम, डिजिटलीकरण और वित्तीय क्षेत्र में सुधारों की डगर पर आगे बढ़ना होगा। डिजिटलीकरण से वित्तीय समावेशन में मदद बढ़ाना होगी। घरेलू बाजार को और मजबूत बनाने के मद्देनजर लॉजिस्टिक लागत घटाने के लिए नई लॉजिस्टिक नीति के अनुरूप तेजी से आगे बढ़ना होगा। इनके साथ-साथ विनिवेश पर नए सिरे से जोर देने की आवश्यकता है। देश में विनिवेश एक नया नहीं बल्कि पुराना एजेंडा है। सरकार ने कोविड-19 महामारी के दौरान एक नई रणनीतिक विनिवेश नीति की घोषणा की थी। इस नीति के मुताबिक सरकार केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (सीपीएसई) में अपनी मौजूदगी न्यूनतम करेगी।

# प्राइमरी स्कूलों की खेलों को बहाल करो

> आज के विद्यार्थी को अगर कल का अच्छा नागरिक बनाना है तो हमें स्कूली पाठ्यक्रम में पढ़ाई के साथ–साथ ही उसके लिए सही फिटनेस कार्यक्रम भी देना होगा, तभी अगली पीढ़ी को संपूर्ण शिक्षित कर सकते हैं।

**भूपिंदर सिंह**

**प्राथमिक** विद्यालय स्तर पर फिटनेस कार्यक्रम शुरू करने की चर्चा तो दूर की बात लग रही है। प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय प्राथमिक स्कूलों की खेलों को ही यह कह कर बंद चुका है कि खेल गैर जरूरी, फिजूलखर्ची व समय की बबार्दी है। क्लासरूम पढ़ाई को संपूर्ण शिक्षा समझने वाले शिक्षा के कर्णधारों को कब विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के बारे में ज्ञान होगा? खेल बच्चों को फिटनेस की तरफ मोड़ने का बहुत ही सरल तरीका है और फिटनेस के बगैर जीवन अधूरा है। शिक्षण विषयों के रिपोर्ट कार्ड की तरह स्वास्थ्य के मानकों का रिपोर्ट कार्ड भी प्रत्येक विद्यार्थी का हर स्कूल में अनिवार्य रूप से हो, क्योंकि भाषा व अन्य शिक्षण विषयों की तरह ही स्वास्थ्य के मूल स्तंभ स्पीड, सट्रेंथ, इडोरैंस व लचक आदि का प्रायोगिक प्रशिक्षण भी उसी उम्र में शुरू करना होता है। शिक्षण विषयों के लिए तो स्कूलों के पास शिक्षक सहित पूरा प्रबंध है, मगर स्वास्थ्य के घटकों को विकसित करके उनका मूल्यांकन करने की कोई भी सुविधा आज तक उपलब्ध नहीं हो पाई है। बार बार इस विषय पर स्कूलों व अभिभावकों को चेताया जा चुका है, मगर कोई भी समझने के लिए तैयार नहीं है। आज जब देश के अन्य राज्यों सहित हिमाचल प्रदेश में भी नशा युवा वर्ग पर ही नहीं, किशोरों तक चरस, अफीम, समैक, नशीली दवाओं तथा दूरसंचार के माध्यमों के दुरुपयोग से शिकंजा कस रहा है। इसलिए सरकार, स्कूलों के प्रबंधन व अभिभावकों को इस विषय पर जरूरी कदम जल्दी ही उठा लेने चाहिए।

यदि विद्यार्थी बचपन खत्म होते व किशोरावस्था में नशे से बच जाता है, तो वह फिर युवावस्था आते आते समझदार हो गया होता है। प्राथमिक विद्यालय में खेल परिचय तथा माध्यमिक से वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को विभिन्न विद्याओं में व्यस्त रखने के साथ साथ शारीरिक फिटनेस की तरफ मोड़ना बेहद जरूरी हो जाता है। मानव का सर्वांगीण विकास शिक्षा के बिना अधूरा है। शिक्षा की परिभाषा में साफ-साफ लिखा है कि यहां शारीरिक व मानसिक दोनों तरह से बराबर विद्यार्थियों का विकास करना है, जिससे वह आगे चलकर जीवन को सफलतापूर्वक खुशहाल जी सके। शारीरिक विकास के लिए खेलों के माध्यम से फिटनेस कार्यक्रम बहुत जरूरी हो जाता है। खेल ही वह माध्यम है जिसके द्वारा विद्यार्थी को नशे से दूर रखा जा सकता है। पड़ोसी राज्य पंजाब एक समय तरक्की में देश का अग्रणी राज्य रहा है। खेलों में उत्कृष्टता उस प्रदेश की तरक्की व खुशहाली का भी पैमाना होती है। पंजाब में हजारों प्रशिक्षक विभिन्न खेलों में खेल प्रशिक्षण के लिए नियुक्त होने के साथ-साथ खेल प्रशिक्षण के लिए आधारभूत ढांचा होना वहां के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का प्रमुख कारण रहा था। बाद में जब पंजाब धीरे धीरे खेलों से दूर हुआ तो पहले वहां आतंकवाद और फिर आजकल पंजाब नशे का अड्डा बना हुआ है। यही कारण है कि हर क्षेत्र में आज हरियाणा पंजाब से काफी आगे निकल गया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने एशियाई, राष्ट्रमंडल व ओलंपिक खेलों में पदक विजेता होने पर खिलाड़ियों को करोड़ों रुपए के नगद ईनाम व सम्मानजनक नौकरी देकर हरियाणा में खेलों के लिए बहुत ही उपयुक्त वातावरण तैयार किया है। उसी का नतीजा है कि आज हरियाणा का हर किशोर व युवा किसी न किसी खेल के मैदान में नजर आता है। हिमाचल प्रदेश में भी पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल ने प्रदेश की खेलों के लिए अपने पहले कार्यकाल से ही कई महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हिमाचल प्रदेश में कई खेलों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्ले फील्ड, सरकारी नौकरियों में तीन प्रतिशत आरक्षण तथा देश में प्रशिक्षक कैडर डाईंग हो जाने के बाद पहली बार प्रशिक्षकों की भर्ती बहुत बड़े खेल सुधार किए।

हिमाचल प्रदेश की खेल सुविधाओं का प्रयोग राज्य में स्वास्थ्य व खेलों के लिए बड़े स्तर पर करना चाहिए। हिमाचल प्रदेश इस समय शिक्षा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में गिना जाता है। पिछले कुछ दशकों से हिमाचल प्रदेश के नागरिकों की फिटनेस में बहुत कमी आई है। इसका प्रमुख कारण है विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों के लिए किसी भी प्रकार के फिटनेस कार्यक्रम का न होना। रट्टे वाली पढ़ाई की होड़ में हम विद्यार्थियों की फिटनेस को ही भूल गए हैं। हिमाचल प्रदेश की अधिकांश आबादी गांव में रहती थी। वहां पर सवेरे-शाम वर्षों पहले विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ कृषि व अन्य घरेलू कार्यों में सहायता करता था। विद्यालय आने जाने के लिए कई किलोमीटर दिन में पैदल चलता था। इसलिए उस समय के विद्यार्थी को किसी भी प्रकार के फिटनेस कार्यक्रम की कोई जरूरत नहीं थी। आज का विद्यार्थी घर के आंगन में बस पर सवार होकर विद्यालय के प्रांगण में उतरता है। पढ़ाई के नाम पर ज्यादा समय खर्च करने के कारण फिटनेस के लिए कोई समय नहीं बचता है। अधिकांश स्कूलों के पास फिटनेस के लिए न तो आधारभूत ढांचा है और न ही कोई कार्यक्रम है। आज का विद्यार्थी फिटनेस व मनोरंजन के नाम पर दूरसंचार माध्यमों का कमरे में बैठ कर खूब दुरुपयोग कर रहा है। ऐसे में विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास की बात मजाक लगती है। आज के विद्यार्थी के लिए विद्यालय या घर पर आधे घंटे के फिटनेस कार्यक्रम की सख्त जरूरत है। इसमें 15 से 20 मिनट धीरे-धीरे दौड़ना तथा विभिन्न कोणों पर शरीर के जोड़ों की विभिन्न क्रियाओं को पूरा करने के बाद शरीर को कूलडाऊन करना होगा।

कम से कम बीस मिनटों तक तेज चलने, दौड़ने व शारीरिक क्रियाओं को करने से रक्त वाहिकाओं में रक्त संचार तेज हो जाता है। उससे हर मसल को उपयुक्त मात्रा में प्राणवायु मिलने से उसका समुचित विकास होता है। आज के विद्यार्थी को अगर कल का अच्छा नागरिक बनाना है तो हमें स्कूली पाठ्यक्रम में पढ़ाई के साथ-साथ ही उसके लिए सही फिटनेस कार्यक्रम भी देना होगा, तभी हम सही अर्थों में अपनी अगली पीढ़ी को संपूर्ण शिक्षित कर सकते हैं जो शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहकर अपने देश की सेवा कर सकें।

# धैर्य और साहस

**श्रीराम शर्मा**

**चिंतन-मनन**

आकांक्षा और सफलता नदी के दो तटों की तरह हैं। जिनके बीच पानी की प्रचंड धारा बहती है। एक तट से दूसरे तक जाने के लिए साहस भरे प्रयास करने पड़ते हैं और आवश्यक साधन जुटाने पड़ते हैं। तैरना सीखने से लेकर नाव का आश्रय लेने तक के अनेक उपाय अपनाने पड़ते हैं और लहरों तथा भंवरों के साथ टकराते हुए धारा की प्रचंडता को पार करना पड़ता है। आकांक्षा को सफलता की स्थिति तक पहुंचाने के लिए भी लंबे, कठिन और जटिल मार्ग को पार करने वाली कष्टों से भरी तप साधना करनी पड़ती है। प्रगति की आकांक्षाएं करना न तो बुरा है और न अनुचित। साहसी और मनस्वी व्यक्ति की मनःस्थिति ऐसी ही होनी चाहिए कि वह बढ़े-चढ़े सपने गढ़े और उनकी पूर्ति के लिए उत्कृष्ट पुरुषार्थ में निरत रहकर अपनी समर्थ साहसिकता का परिचय दे। सफलता का वरदान ऐसे ही कर्मनिष्ठ व्यक्तियों के लिए सुरक्षित रखा गया है। प्रगति के रास्ते में कई बाधाएं आती हैं। उसमें पग-पग पर व्यवधान और अवरोध बिछे होते हैं। बड़ी सफलताएं बड़े व्यक्तित्वों के लिए प्रकृति ने सुरक्षित रखी हैं। कायर और कमजोर लोग भी उन्हें प्राप्त करने लगें तो फिर मनुष्यों की उस गरिमा का विकास कैसे होगा, जिसके आधार पर महत्त्वपूर्ण सफलताओं का गौरवास्पद उपहार मिला करता है। अवरोधों का ही दूसरा नाम असफलता है। उनका सृजन इसलिए हुआ है कि मनुष्य अपनी निष्ठा एवं तत्परता का परिचय दे सके। धैर्य और साहस के साथ ही क्रमिक गति से प्रगति के पथ पर बढ़ता रहे। इन अवरोधों में कुछ ऐसे भी होते हैं, जो असफलता जैसे भयावह दिखते हैं। इन्हें देखकर न तो ठिठकने की आवश्यकता होती है और न निराश एवं अधीर ही होना चाहिए। बड़े प्रयासों में बीच-बीच में सुधार एवं परिवर्तन भी आवश्यक होते हैं। इन्हीं को असफलता कह सकते हैं। हर असफलता से मनस्वी व्यक्ति सीखते हैं। भूलों को सुधारने की, अधिक हिम्मत, सूझबूझ और तत्परता से काम करने की प्रेरणा देने के लिए ही समस्याएं आती हैं। सरलतापूर्वक सफलता प्राप्त करने वालों की प्रतिभा उतनी नहीं निखरती जितनी कि असफलताओं से लड़ते हुए, व्यवधानों को कुचलते हुए चलने वालों की। सफलता का अपना उतना महत्त्व नहीं, जितना उस मंजिल को पार करते हुए प्रतिभा का विकास करने का है।

## आपके पत्र

### कैंसर से बचाएगी स्वस्थ जीवनशैली

सात नवंबर को राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस मनाया गया। पहली बार यह दिवस वर्ष 2014 में मनाया गया था। कहा जाता है कि यह नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक मैरी क्यूरी के जन्मदिन के दिन मनाया जाता है। मैरी क्यूरी को भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में भी नोबेल पुरस्कार दिया गया था, यह रेडियो एक्टिविटी की खोज करने के कारण भी प्रसिद्ध थी।

इस दिवस के मनाए जाने का मुख्य कारण लोगों को कैंसर से बचने के तौर तरीकों के प्रति जागरूक करना भी है। दुनिया में ही नहीं, बल्कि हमारे देश में भी इसके मरीजों की संख्या बढ़ी है। यह ऐसी बीमारी है जिसके बारे लोगों को तब पता चलता है जब यह व्यक्ति को मौत के करीब ले आती है। बहरहाल, उचित जीवनशैली को अपनाकर हम कैंसर से बच सकते हैं।

**अनिमा शर्मा,रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज IN ब्रीफ

## थाना क्षेत्रों में रात्रि गस्ती व मनचलों लड़कों पर पैनी नजर रखें : एसपी



**साहिबगंज :** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने रविवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में सभी वरीय पुलिस पदाधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ मासिक अपराध नियंत्रण गोष्ठी की बैठक की। जहां बैठक के दौरान पिछले अक्टूबर माह में जिले के सभी थानों में दर्ज किए गए प्राथमिकी की बारीकी से समीक्षा करते हुए लंबित कांडों में आवश्यक प्रगति लाते हुए जल्द से जल्द समीक्षा रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया गया। वही लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए एसपी ने सभी थाना प्रभारियों से जानकारी ली कि कितने मामलों का अब तक निष्पादन किया गया है। और कितने मामले अभी तक लंबित है। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में हाल के दिनों में बढ़ी चोरी की घटनाओं में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने को लेकर कई तरह के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वही उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि वे अपने अपने थाना क्षेत्रों में रात्रि गस्ती, वाहन जांच अभियान, मनचलों लड़कों पर पैनी नजर रखने समेत कई अन्य तरह के दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर कई वरीय पुलिस पदाधिकारी व थाना प्रभारी मुख्य रूप से मौजूद थे।

## स्वास्थ्य मंत्री पहुंचे साहिबगंज लिट्टी चोखा का उठाया लुफ्त



**साहिबगंज :** प्रदेश के स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा और परिवार कल्याण खाद्य सार्वजनिक वितरण और उपभोक्ता मामले आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ इरफान अंसारी साहिबगंज पहुंचे। बिहार में चुनाव प्रचार करके देर शाम मनिहारी के रास्ते साहिबगंज पहुंचे। मंत्री के साहिबगंज पहुंचने पर जिला परिषद उपाध्यक्ष सुनील यादव व कांग्रेसी नेताओं ने बुके देकर स्वागत किया। वही मंत्री राजमहल की पहाड़ियों में ग्वाला रेस्टोरेंट पहुंचकर लिट्टी चोखा ओर कुल्हड़ वाली चाय के साथ लजीज व्यंजन का लुफ्त उठाया। उन्होंने कहा कि यहां आकर मसूरी दार्जलिंग की याद दिला दी। वही देर रात्री मंत्री सड़क मार्ग से बोरियो बरहेट होते हुए अपने गृह जिला जामताड़ा निकल गए। मौके पर कांग्रेस नेता सद्दाम हुसैन सहित अन्य थे।

## ट्रेन की चपेट मे आने से एक व्यक्ति की मौत



**साहिबगंज :** साहिबगंज-तालझारी रेलवे स्टेशन के बीच महाराजपुर स्टेशन के पोल संख्या 217/03 के समीप देर शाम को एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। शाम करीब 8:00 सूचना मिली कि रेलवे ट्रैक पर शव पड़ा हुआ है। घटना की सूचना रेल निरीक्षक के साथ आरपीएफ इंस्पेक्टर को दे दी गई। मामले को लेकर हिंदू धर्म रक्षा मंच के प्रदेश महासचिव बजरंगी महतो ने बताया कि घटना स्थल पर पहुंचे तो देखा कि एक व्यक्ति का शव डाउन लाइन रेलवे लाइन के बीच में पड़ा है। कर्मियों द्वारा शव को रेल लाइन से हटकर लाइन को क्लियर किया गया। इसके पश्चात स्टेशन मास्टर घटनास्थल पर पहुंचे व शव की तलाशी ली। उसके पास से कोई यात्रा टिकट नहीं मिला परंतु उसके पर्स से आधार कार्ड, पैन कार्ड, और एक रेल कार्ड मिला है। आधार कार्ड पर जटन मंडल, पिता गंगाराम मंडल, घर कुली दीपचंद्रपुर, जिला मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल लिखा है। वही शव को रेलवे पुलिस ने अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। रेलवे पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। शव के पैकेट से कुछ कागजात मिली है जांच की प्रक्रिया की जा रही है।

## किसानों ने फसल बीमा भुगतान एवं जमीन लगान रसीद चालू करने की रखी मांग




**साहिबगंज :** शहर के रेलवे इंस्टीट्यूट, साहिबगंज में हलदर किसान यूनियन, जिला साहिबगंज की बैठकआयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता यूनियन के अध्यक्ष लक्ष्मण यादव ने की।इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।बैठक में किसानों ने अपनी प्रमुख समस्याओं पर चर्चा की।उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत साल 2008 से 2025 तक के लंबित बीमा दावों का शीघ्र भुगतान करने की मांग की।किसानों का कहना था कि वर्षों से लंबित बीमा राशि का भुगतान न होने से उन्हें भारी आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।इसके अलावा किसानों ने बंद पड़ी जमीन लगान रसीद प्रणाली को पुनः चालू करने की भी मांग की,ताकि वे अपनी जमीन का लगान नियमित रूप से जमा कर सकें और सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त कर सकें।बैठक में सभी किसान ने कहा कि सरकार को किसानों की वास्तविक समस्याओं पर संवेदनशीलता के साथ ध्यान देना चाहिए।किसान देश की रीढ़ हैं और उनके हितों की रक्षा करना प्राथमिकता होनी चाहिए।बैठक के अंत में यूनियन ने निर्णय लिया कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

# झारखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह के सफल आयोजन को लेकर डीसी ने किया बैठक

**संवाददाता**

**देवघर :** जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में रविवार को झारखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह के सफल एवं भव्य आयोजन को लेकर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक का आयोजन किया गया, जिसमे कार्यक्रम की तैयारियों एवं जिला, प्रखंड व पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम, गृह प्रवेश व परिसंपत्तियों के वितरण से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।




इसके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त श्री लकड़ा द्वारा जानकारी दी गई की झारखण्ड राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में इस वर्ष झारखण्ड@25 थीम पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। 11 नवंबर से 15 नवंबर तक जिला, प्रखंड व पंचायत स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। ऐसे में संबंधित अधिकारी व प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिकारी राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रम को लेकर ससमय सभी तैयारियों को सुनिश्चित कर लें।

झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे

झारखण्ड राज्य स्थापना के अवसर पर 11 नवम्बर से 15 नवम्बर तक राज्य स्तर पर प्रस्तावित गतिविधियों के अनुरूप जिले में जिले में परिसंपत्तियों का वितरण, पौधरोपण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। 11 नवंबर को रन फोर झारखंड का आयोजन किया जायेगा। साथ ही प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जायेगा।12 नवंबर को सुबह-ए-झारखंड चिन्हित स्थलों पर पारंपरिक नृत्य 13 नवंबर को ₹नो योर टूरिस्ट पैलेस₹ कार्यक्रम के अंतर्गत साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। साथ ही जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों का व्यापक प्रचार-प्रसार पोस्टर, बैनर, एवं पंपलेट के माध्यम से किया जाएगा। 15 नवंबर को मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं एवं उत्कृष्ट प्रतिभागियों को सम्मानित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर थीम पर जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में चित्रकला, कविता, भाषण एवं अन्य सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में पारंपरिक नृत्य, नाटक एवं संगीत का प्रदर्शन किया जाएगा। जिलास्तर पर विकास मेला का आयोजन किया जाएगा। विकास मेला में सरकार की कल्याणकारी योजना की जानकारी आमजनों को देने हेतु विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाया जाएगा। साथ ही लाभुको को परिसम्पति वितरित की जाएगी। आगे बैठक के दौरान सोशल मीडिया कैम्पैन से जुड़ी जानकारी दी गई, जिसके माध्यम से सोशल मीडिया साइट्स जैसे फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम आदि पर पोस्ट किया जायेगा। बैठक में उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कुमारी रंजना, जिला कल्याण पदाधिकारी, संबंधित कार्यपालक अभियंता, सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस, डीएमएफटी की टीम, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी, संबंधित विभाग के पदाधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

## सही ढंग से सीवेज प्रबंधन पर्यावरण गंगा संरक्षण के लिए आवश्यक है : अमित मिश्रा



**संवाददाता**

**साहिबगंज :** नगर परिषद के सफाईकर्मियों तथा एस.टी.पी.टीम के सहयोग से स्काउट एंड गाइड्स स्काउट एवं गाइड द्वारा स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। यह अभियान अंचलाधिकारी साहिबगंज बास्की नाथ टुडू और जिला सूचना वं विज्ञान पदाधिकारी उमेश कुमार के नेतृत्व में संचालित हुआ।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने एस.टी.पी. परिसर में स्वच्छता कार्य में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। उन्हें सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के संचालन की प्रक्रिया, सीवेज उपचार के विभिन्न चरणों में गंगा नदी को स्वच्छ रखने में शुद्ध जल की उपयोगिता के बारे में सरल व प्रभावी जानकारी प्रदान की गई। साथ ही सभी को यह भी बताया गया कि सही ढंग से सीवेज प्रबंधन पर्यावरण गंगा संरक्षण के लिए आवश्यक है।स्वच्छता अभियान के उपरांत समूह ने डॉल्फिन नेचर इंटरप्रिटेशन सेंटर का भ्रमण किया, जहाँ प्रतिभागियों को गंगा नदी डॉल्फिन संरक्षण, नदी पारिस्थितिकी, जैव विविधता तथा पारिस्थितिक संतुलन के बारे में जागरूक किया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा में सामुदायिक सहभागिता महत्वपूर्ण है।इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं नमामि गंगे अभियान के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।ताकि वे समाज में एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभा सकें।

## झारखंड के 25वें वर्ष पर पहुंचने पर हम गौरव यात्रा का स्वागत करते हैं : अंकित

**संवाददाता**

**साहिबगंज :** झारखंड राज्य इस बार अपना 25 व स्थापना दिवस मनाने जा रहा है।इस स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष में दैनिक जागरण अखबार द्वारा आयोजित झारखंड गौरव सम्मान यात्रा की टोली साहिबगंज पहुंचने पर आजाद सेवा ट्रस्ट द्वारा इस यात्रा का साहिबगंज शहर के आजाद नगर स्थित चंद्रशेखर आजाद जी के प्रतिमा के समक्ष जोरदार स्वागत किया गया।यात्रा में भगवान बिरसा मुंडा के चित्र व सिद्धू कान्हु की प्रतिमा के ऊपर माल्यार्पण के उपरांत चंद्रशेखर आजाद जी की प्रतिमा के ऊपर माल्यार्पण एवं पुष्पों की बौछार कर यात्रा का स्वागत किया गया।मौके पर आजाद सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष टाइगर अंकित पाण्डेय ने ब्यूरो चीफ को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया और अपने संबोधन में कहा कि झारखंड अपने 25 वें स्थापना दिवस मनाने जा रहा है। गौरवशाली झारखंड के 25वें वर्ष पर पहुंचने पर हम झारखंड गौरव यात्रा का स्वागत करते हैं।उम्मीद है कि दिन दोगुना रात चौगुना हमारा झारखंड आगे बढ़े जल जमीन और जंगल की सुरक्षा हो और एक नए आधुनिक झारखंड का निर्माण भविष्य में हम देख सके।इस मौके पर डॉ सुरेंद्र नाथ तिवारी,जवाहरलाल शर्मा,रोहित डीजे, शिवम मिश्रा,केशव झा,नागेंद्र,उचित, शिवा,छोटू एवं दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।



## समाज के कमजोर वंचित और पिछड़े वर्गों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना है : अखिल

**संवाददाता**

**साहिबगंज :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शानुसार प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज श्री अखिल कुमार के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों, पंचायतों एवं ग्रामों में व्यापक विधिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।कार्यक्रमों के दौरान पारा लीगल वॉलेंटियर्स द्वारा उपस्थित नागरिकों को बताया गया कि इस दिवस का उद्देश्य न्याय तक सबकी समान पहुँच सुनिश्चित करना है। निःशुल्क और सक्षम कानूनी सेवाओं के माध्यम से समाज के कमजोर वंचित और पिछड़े वर्गों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना और उन्हें न्याय प्राप्ति के अवसर प्रदान करना विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 का मूल लक्ष्य है।उन्होंने यह भी बताया कि अधिनियम के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों अनुसूचित जाति व जनजाति महिला बालक वृद्ध दिव्यांगजन व अन्य असहाय नागरिकों को निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त करने का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है।जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहिबगंज के सचिव श्री विश्वनाथ भगत ने कहा कि न्याय पाने का अधिकार प्रत्येक नागरिक को बिना किसी भेदभाव के प्राप्त है। न्याय, समानता और विधिक जागरूकता समाज के सर्वांगीण विकास की आधारशिला हैं।इसलिए आवश्यक है कि हर नागरिक अपने अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जानकार और सजग बने।उन्होंने सभी पात्र नागरिकों को अवगत कराया कि व्यवहार न्यायालय परिसर, साहेबगंज स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार कार्यालय तथा राजमहल अनुमंडल व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित अनुमंडल विधिक सेवा समिति कार्यालय से निःशुल्क विधिक सहायता एवं कानूनी परामर्श प्राप्त किया जा सकता है।इसके अलावा, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 15100 के माध्यम से 247 निःशुल्क कानूनी सलाह उपलब्ध है।जागरूकता कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने हिस्सा लिया और विधिक साक्षरता के महत्व को समझते हुए समाज में न्याय समानता एवं अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया।




## झारखंड मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष बने प्रीतम कुमार पियूष

**संवाददाता**

**साहिबगंज :** आर बी प्लेस बरहरवा में झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक के जिला महामंत्री मोहम्मद इमाम विश्वास की अध्यक्षता में संगठन मजबूती विस्तार और अधिवेशन की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित कि गई।बैठक मे मौजूद केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने सभी प्रखंड अध्यक्ष से संगठन की स्थिति के बारे में जानकारी ली।जिला कमेटी के सदस्यों से चर्चा की सर्व समिति से निर्णय लिया की आगामी 21 दिसंबर को छाता डागां बरहरवा में जिला अधिवेशन की घोषणा हुई।वही जिला समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों से राय मशवरा करने के बाद प्रीतम कुमार पियूष को झारखंड मजदूर संघ का साहिबगंज जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। जहां सभी सदस्यों ने नियुक्त जिला अध्यक्ष को माला पहनकर स्वागत किया।वही केद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने जिले में न्यूनतम मजदूरी,निजी कंपनी में 75% रोजगार देना एवं मानव तस्करी के बारे में प्रकाश डाला।मौके पर फूल कुमारी देवी, गणेश ठाकुर,ललित सिंह, कृष्ण कुमार यादव,मुहज्जम अली, मिथुन राजवंशी,अंजू कुमारी, मोनिका देवी,नीलम देवी,धर्मल किस्कू,दिलीप हंसदा उद्रण हंसदा, मोहम्मद जावेद अख्तर,दुर्योधन शाह, सुरेंद्र बाबूराम शाह, निखिल यादव, तिलकय मुर्मू,दीपक मंडल, शोभिनाथ महतो, दीपक रजवार आदि मौजूद थे।



## अंडर-16 जिला क्रिकेट लीग टूर्नामेंट का शुभारंभ

**संवाददाता**

**साहिबगंज :** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में रविवार से सिदो-कान्हू स्टेडियम में अंडर-16 जिला क्रिकेट लीग टूनामेंट का शुभारंभ हुआ। मुख्यतिथि सदर एसडीओ अमर जॉन आइन्द व विशिष्ट अतिथि सदर सीओ बास्कीनाथ टूडू ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व बल्लेबाजी कर टूनामेंट का उद्घाटन किया। इसके पूर्व जिला क्रिकेट संघ की ओर से एसडीओ का बुके देकर स्वागत किया गया। इस दौरान एसडीओ ने कहा कि सभी खेल भावना के साथ अपने हुनर का प्रदर्शन करें। कहा कि खिलाड़ी पढ़ाई के साथ क्रिकेट व अन्य खेल में भी दिलचस्पी लें। क्रिकेट व अन्य खेलों में कैरियर की बेहतर संभावना है। एसडीओ ने खिलाड़ियों को भविष्य में जिला, राज्य व देश का नाम रोशन करने की शुभकामना दी।

**संत जेवियर स्कूल ने जीता पहला मैच**

उद्घाटन मैच माही स्पोर्ट्स ब्लू बनाम संत जेवियर स्कूल बी टीम के बीच खेला गया। माही स्पोर्ट्स ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवर में 72 रन बना कर ऑल आउट हो गई। मो अयान वसीम ने 17 रनों की पारी खेली। संत जेवियर के गेंदबाज जुनैद परवेज ने 4, अभिज्ञान ने 3, अभिषेक व हर्ष ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में बल्लेबाजी बाजी करने उतरी संत जेवियर स्कूल की टीम ने एक विकेट के नुकसान पर 8.2 ओवर में 76 रन बना कर 9 विकेट से मैच जीत लिया। आदित्य ज्ञान ने नाबाद 31 व अनुराग साहिल ने 25 रनों की पारी खेली। माही स्पोर्ट्स के गेंदबाज सूरज ने 1 विकेट लिया। संत जेवियर स्कूल के खिलाड़ी मो जुनैद परवेज को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। जिला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा ने जुनैद को मैन ऑफ दी मैच ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग मो अशफाक आलम व चंदन यादव व स्कोरिंग मो अनाउल्लाह अंसारी ने किया। मौके पर जेएससीए सदस्य चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा, आफताब आलम, सतीश सिन्हा, चतुरानंद पांडेय, अशोक चौधरी, संतोष सिंह, डॉ तुफैल अहमद, डॉ कमल महावर, राकेश गुप्ता, गोपाल सिंह, राकेश कुमार रोशन व अन्य मौजूद थे।



# बेटे अरहान खान के बर्थडे पर सौतेली मां शूरा खान का स्पेशल पोस्ट, बहन सिपारा की तरफ से लिखा-हैप्पी बर्थडे बिग ब्रदर

बॉलीवुड एक्टर अरबाज खान और उनकी एक्स वाइफ मलाइका अरोड़ा के बेटे अरहान खान आज अपना 23वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर उन्हें परिवार, दोस्तों और फैंस से ढेरों बधाइयां मिल रही हैं। पहले उनकी मां मलाइका ने सोशल मीडिया पर प्यारा पोस्ट शेयर कर उन्हें विश किया था और अब उनके पिता अरबाज खान की पत्नी शूरा खान ने भी बेहद खास अंदाज में अरहान को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं।

शूरा खान का प्यार भरा बर्थडे पोस्टः अरबाज खान की दूसरी पत्नी शूरा खान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक खूबसूरत वीडियो मोंटाज शेयर किया है, जिसमें उन्होंने अरहान खान के कई खास पलों को एक साथ जोड़ा है। इस पोस्ट में अरहान की कई झलकियां देखने को मिलती हैं – कहीं वो गिटार बजाते हुए दिख रहे हैं, तो कहीं डांस फ्लोर पर झूमते नजर आ रहे हैं।





पहले वीडियो में अरहान गिटार पर धुन छेड़ते दिखते हैं, जबकि दूसरे क्लिप में वो हिट गाने तौबा तौबा का हुक स्टेप करते हुए मस्ती में झूम रहे हैं। तीसरे वीडियो में अरहान अपने पिता अरबाज खान के साथ डाइनिंग टेबल पर बैठे मुस्कुरा रहे हैं। वीडियो कॉल से लेकर प्यारे मोमेंट्स तकः शूरा खान ने कुछ और वीडियोज भी शेयर किए हैं, जिनमें अरहान किचन में खाना बनाते दिखाई दे रहे हैं। एक फोटो में वो अपने पिता अरबाज की गोद में आराम से लेटे हुए हैं। वहीं, आखिरी वीडियो में शूरा खान और अरहान वीडियो कॉल पर बात करते नजर आ रहे हैं। दोनों के बीच की ये बॉन्डिंग सोशल मीडिया यूजर्स का दिल जीत रही है। शूरा खान ने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा- हैप्पी बर्थडे बिग ब्रदर इसके साथ उन्होंने अपनी और अरबाज खान की बेटी सिपारा खान की तरफ से भी अरहान को बर्थडे विश किया। बता दें, अरबाज खान और शूरा खान ने 5 अक्टूबर 2025 को अपनी बेटी सिपारा का स्वागत किया था। अरबाज के इस पोस्ट पर फैंस और सेलिब्रिटीज ने भी अरहान को बर्थडे विश किया। मलाइका अरोड़ा ने भी किया विशः इससे पहले मलाइका अरोड़ा ने अपने बेटे के बचपन की एक अनदेखी तस्वीर शेयर करते हुए लिखा था- माय सनशाइन, माय हार्ट, माय लाइफ- हैप्पी बर्थडे अरहान फैंस ने मलाइका, अरबाज और शूरा तीनों के पोस्ट पर ढेर सारा प्यार बरसाया और अरहान को बधाइयां दीं।

## श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंची दिव्या दत्ता, कहा-तृप्त हो गई आत्मा



**फिल्म** अभिनेत्री दिव्या दत्ता आज मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर में प्रातः कालीन दद्योदक आरती में शामिल हुई। उन्होंने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर भगवान के दर्शन किए। सुश्री दत्ता द्वारा श्री कोटेश्वर महादेव का भी पूजन किया गया। पूजन पुजारी अर्पित गुरु द्वारा संपन्न करवाया गया। सुश्री दत्ता ने संवाददाताओं से कहा कि वे भगवान महाकालेश्वर मंदिर में लाइट एंड साउंड शो का हिस्सा बन पाई हैं, इसलिए भी उन्हें श्री महाकाल से विशेष जुड़ाव महसूस होता है। भगवान के दर्शन मात्र से आत्मा तृप्त हो गई है।





## माइकल जैक्सन की बायोपिक के टीजर ने तोड़ा रिकॉर्ड, 24 घंटे में 116 मिलियन व्यूज पार

**इनविंसिबल** सिंगर माइकल जैक्सन की बायोपिक माइकल के टीजर ट्रेलर ने रिकॉर्ड ब्रेक कर दिया है। अपने गानों से म्यूजिक की दुनिया और फैंस के दिलों पर राज करने वाले माइकल ने महज 50 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया था। उनकी बायोपिक में भतीजे जाफर जैक्सन ने उनकी भूमिका निभाई है। आपको जानकर हैरानी होगी कि फिल्म के वीडियो को 24 घंटे में ही 116 मिलियन व्यूज के साथ रेकॉर्ड तोड़ दिया है।

इसका निर्देशन एंटोनी फुक्का ने किया है। ये साल 2026 में रिलीज के लिए तैयार है। माइकल के टीजर ट्रेलर ने म्यूजिकल बायोपिक की शुरूआती फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है और पिछले टॉप चार्ट के आधे से भी ज्यादा ट्रैफिक हासिल किए हैं। क्लिप में जाफर जैक्सन मूव्स करते और प्रैक्टिस करते हुए दिख रहे हैं, खासकर मून वॉक।

## जी स्टूडियोज और प्रेरणा अरोड़ा की जटाधारा ने वीकेंड पर कमाई में दिखाई दमदार बढ़त

**रिलीज** के साथ ही जटाधारा अब दर्शकों के लिए एक दुर्लभ सिनेमाई अनुभव बन चुकी है, एक ऐसी फिल्म जो सिर्फ अपनी सकारात्मकता के बल पर दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींच रही है और जी स्टूडियोज और प्रेरणा अरोड़ा द्वारा प्रस्तुत इस डार्क सेमी-हॉरर थ्रिलर ने वीकेंड पर कुल 4.10 करोड़ की प्रभावशाली कमाई दर्ज की है।

फिल्म ने शुक्रवार को स्थिर शुरूआत की, शनिवार को अपनी पकड़ बनाए रखी और रविवार को शानदार उछाल बनाया, हालांकि यह सब दर्शकों के सच्चे प्यार और प्रशंसा के दम पर सम्भव हुआ।

फिल्म का रहस्यमयी माहौल, पौराणिक प्रतीकवाद, और खास तौर पर क्लाइमेक्स में सुधीर बाबू का दमदार तांडव डांस परफॉर्मेंस, सोनाक्षी सिन्हा का धन पिशाचिनी के रूप में जबरदस्त अभिनय,




और शिल्पा शिरोडकर का ब्लैक मैजिक सीक्वेंस में शानदार प्रदर्शन, इन सबने उन दर्शकों को खूब प्रभावित किया है जो मसाला नहीं, बल्कि कंटेंट को प्राथमिकता देते हैं।


जी स्टूडियोज और प्रेरणा अरोड़ा द्वारा प्रस्तुत जटाधारा एक द्विभाषी सुपरनैचुरल फैंटेसी थ्रिलर है, जिसमें दिव्या खोसला की स्पेशल अपीयरेंस के साथ इंदिरा कृष्णा, रवि प्रकाश, नवीन नेनी, रोहित पाठक, झांसी, राजीव कनकाला और शुभलेखा सुधाकर जैसे कलाकार भी नजर आते हैं।

फिल्म का निर्माण उमेश कुमार बंसल, शिविन नारंग, अरुणा अग्रवाल, प्रेरणा अरोड़ा, शिल्पा सिंघल और निखिल नंदा ने किया है, जबकि अक्षय केजरीवाल और कुसुम अरोड़ा सह-निर्माता हैं। दिव्या विजय क्रिएटिव प्रोड्यूसर और भाविनी गोस्वामी सुपरवाइजिंग प्रोड्यूसर हैं।

## साइबर क्राइम का शिकार हुईं अनुपमा परमेश्वरन, 20 साल की लड़की के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

**साउथ** एक्ट्रेस अनुपमा परमेश्वरन को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। एक्ट्रेस साइबर क्राइम का शिकार हो गई हैं। हैरानी की बात ये है कि 20 साल की लड़की उन्हें सोशल मीडिया पर प्रताड़ित कर रही थी। ऐसे में एक्ट्रेस ने उनकी छेड़छाड़ की गई तस्वीरें पोस्ट करने और निराधार आरोप लगाने के आरोप में लड़की के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की है। इस बात का खुलासा अनुपमा ने सोशल मीडिया के जरिए किया है। अनुपमा परमेश्वरन के अनुसार, हाल ही में उन्हें एक इंस्टाग्राम प्रोफाइल मिली जो उनके और उनके परिवार के बारे में बेहद अनुचित और झूठी सामग्री शेयर कर रही थी साथ ही उनके दोस्तों और अन्य कलाकारों को टैग कर रही थी। उन्होंने कहा, इन पोस्ट में छेड़छाड़ की गई तस्वीरें और निराधार आरोप शामिल थे। ऑनलाइन इस तरह के उत्पीड़न को देखना बेहद दुखद था। जांच से पता चला कि उसी व्यक्ति ने उनके खिलाफ इसी तरह के झूठे दावे फैलाने के लिए कई फजी अकाउंट बनाए थे। एक्ट्रेस ने कहा कि इसके बाद उन्होंने केरल में साइबर अपराध पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उनकी प्रतिक्रिया त्वरित थी और इन गतिविधियों के पीछे के व्यक्ति की पहचान हो गई। परमेश्वरन ने कहा, उसकी कम उम्र को देखते हुए, मैंने उसकी पहचान उजागर न करने का फैसला किया है, क्योंकि मैं उसके भविष्य या मानसिक शांति से समझौता नहीं करना चाहती। स्मार्टफोन रखने या सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म तक पहुंच होने से किसी को भी दूसरों को परेशान करने, बदनाम करने या नफरत फैलाने का अधिकार नहीं मिल जाता। उन्होंने कहा, हमने कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है और व्यक्ति को उसके कृत्यों के परिणाम भुगतने होंगे। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि एक एक्टर या सार्वजनिक हस्ती होने का मतलब किसी के मूल अधिकारों का हनन नहीं है। साइबरबुलिंग एक दंडनीय अपराध है और जवाबदेही वास्तविक है।

## रणवीर सिंह ने धुरंधर से अर्जुन रामपाल का लुक किया शेयर



**बॉलीवुड** स्टार रणवीर सिंह ने फिल्म धुरंधर से अर्जुन रामपाल का लुक सोशल मीडिया पर शेयर किया है। रणवीर सिंह इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म धुरंधर को लेकर चर्चा में हैं। आदित्य धर के निर्देशन में बन रही फिल्म धुरंधर में रणवीर सिंह के अलावा आर. माधवन, अर्जुन रामपाल, अक्षय खन्ना, संजय दत्त भी नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का ट्रेलर भी जल्द ही आने वाला है।इस बीच रणवीर सिंह ने अर्जुन रामपाल का एक शानदार लुक अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया, जो काफी वायरल हो रहा है।

अर्जुन रामपाल का धुरंधर लुक फैंस के बीच चर्चा में है। रणवीर सिंह ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अर्जुन रामपाल का दमदार लुक शेयर किया। इस पोस्ट के साथ रणवीर सिंह ने कैप्शन में लिखा, धुरंधर का ट्रेलर 12 नवंबर को 12.12 बजे आएगा। इस पोस्टर में अर्जुन रामपाल को इंटेंस लुक में देखा जा सकता है. जैकेट, चश्मे और इंटेंस लुक के साथ अर्जुन का ये किलर अंदाज फैंस को खूब भा रहा है। फिल्म धुरंधर 05 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### इंतजार हुआ खत्म! टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए 8 वेन्यू हुए शॉर्टलिस्ट

# गुजराम के अहमदाबाद में खेला जायेगा फाइनल मुकाबला




**नई दिल्ली :** आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 का आयोजन भारत और श्रीलंका में फरवरी-मार्च के महीने में होने जा रहा है। इस महान टूर्नामेंट की शुरूआत में अब ज्यादा समय नहीं बचा है, हालांकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अभी तक आधिकारिक शेड्यूल जारी नहीं किया है। उम्मीद की जा रही है कि पूरा कार्यक्रम इसी हफ्ते घोषित कर दिया जाएगा।

एक रिपोर्ट के अनुसार, टी20 वर्ल्ड कप के मुकाबले कुल 8 स्थानों पर खेले जाएंगे। भारत में अहमदाबाद (नरेंद्र मोदी स्टेडियम), कोलकाता (ईडन गार्डन्स), मुंबई (वानखेड़े स्टेडियम), दिल्ली (अरुण जेटली स्टेडियम) और चेन्नई (एमए. चिदंबरम स्टेडियम) को मैचों की मेजबानी के लिए चुना गया है। वहीं, श्रीलंका में तीन वेन्यू तय किए गए हैं – कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम और सिंहलीज स्पोर्ट्स क्लब, तथा कैंडी का पल्लेकेल इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यदि श्रीलंका या पाकिस्तान में से कोई भी टीम सेमीफाइनल में पहुंचती है, तो उनका मुकाबला कोलंबो में खेला जाएगा। वहीं अगर दोनों टीमें सेमीफाइनल में नहीं पहुंचती हैं, तो दोनों सेमीफाइनल भारत में होंगे – जिनमें एक अहमदाबाद और दूसरा कोलकाता में आयोजित किया जाएगा।

फाइनल मुकाबले की मेजबानी टीमों की योग्यता पर निर्भर करेगी। यदि पाकिस्तान फाइनल में जगह बनाता है, तो फाइनल कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं अगर पाकिस्तान फाइनल में नहीं पहुंचता, तो खिताबी मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा। यह वही स्टेडियम है, जहां ओडीआई वर्ल्ड कप 2023 का फाइनल भी आयोजित हुआ था। इस बार टी20 वर्ल्ड कप में कुल 20 टीमें हिस्सा लेंगी। इन्हें पांच-पांच टीमों के चार समूहों में बांटा जाएगा। हर ग्रुप से दो टीमें सुपर-8 चरण में पहुंचेंगी, जिसके बाद सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। टूर्नामेंट में सभी 13 टेस्ट खेलने वाली टीमें शामिल होंगी, जबकि कनाडा, नीदरलैंड्स, यूएई, नेपाल, ओमान, नामीबिया और इटली ने भी क्वालिफाई किया है। खास बात यह है कि इटली की टीम पहली बार टी20 वर्ल्ड कप में उतरने जा रही है। भारत मौजूदा चैम्पियन है, जिसने जून 2024 में साउथ अफ्रीका को हराकर खिताब जीता था।

## आईपीएल 2026 : संजू सैमसन के बदले राजस्थान रॉयल्स ने सीएसके से मांग लिए जडेजा-ब्रेविस,8




**नई दिल्लीः** इंडियान प्रीमियर लीग 2026 सीजन के लिए एक बड़ा प्लेयर ट्रेड चर्चा में है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स अपने दो स्टार खिलाड़ियो रविंद्र जडेजा और संजू सैमसन को आपस में बदलने पर विचार कर रही हैं। हालांकि, राजस्थान रॉयल्स द्वारा एक अतिरिक्त खिलाड़ी की मांग के कारण यह 18 करोड़ रुपए का संभावित स्वैप अटक गया है। क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार, राजस्थान रॉयल्स इस सीधे स्वैप डील में सिर्फ रविंद्र जडेजा को ही नहीं, बल्कि सीएसके के युवा साउथ अफ्रीकी खिलाड़ी डेवाल्ड ब्रेविस को भी शामिल करना चाहती है।

ब्रेविस ने फ्रेंचाइजी सर्किट में अपनी धाक जमाई है और आरआर का मानना है कि जडेजा को लेने के लिए उन्हें कुछ अतिरिक्त एसेट की जरूरत होगी, ताकि यह डील संतुलित हो सके। सीएसके हालांकि इस मांग को मानने के लिए तैयार नहीं है। फ्रेंचाइजी का स्पष्ट कहना है कि वे इस ट्रेड में किसी भी अतिरिक्त खिलाड़ी को शामिल नहीं करेंगे, खासकर युवा और प्रतिभाशाली डेवाल्ड ब्रेविस को। सीएसके का तर्क है कि जडेजा, जो दुनिया के बेहतरीन ऑलराउंडरों में से एक हैं, अपने आपमें एक बहुत बड़ा एसेट हैं और उनकी कीमत 18 करोड़ रुपए है।

**आईपीएल इतिहास की सबसे बड़ी और महंगी अदला-बदली :** यहह देखना दिलचस्प होगा कि क्या दोनों टीमें इस गतिरोध को तोडकर किसी समझौते पर पहुंच पाती हैं। अगर यह डील होती है, तो यह आईपीएल इतिहास की सबसे बड़ी और सबसे महंगी खिलाड़ी अदला-बदली में से एक होगी, जिसका टीमों की ताकत पर गहरा असर पड़ेगा।

### आतंकी साजिशः फरीदाबाद में 350 केजी अमोनियम नाइट्रेट बरामद

# डॉक्टर के घर से एके-56 और 2 ऑटोमैटिक पिस्टल भी मिलीं



**फरीदाबाद :** हरियाणा के फरीदाबाद में जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। फरीदाबाद के धौज में डॉक्टर के घर से भारी मात्रा में अमोनियम नाइट्रेट बरामद हुआ है। लेकिन आरडीएक्स नहीं मिला है। कमरे से 14 बैग, 2 ऑटोमैटिक पिस्टल, 84 कारतूस, पांच लीटर केमिकल और एके-47 बरामद की गई है। धौज इलाके में हुई इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार संदिग्ध आतंकी मुजाहिल शकील की निशानदेही पर यह कार्रवाई की गई है। एक गाड़ी से जम्मू-कश्मीर पुलिस की 5 लोगों की टीम आई थी। करीब 7-8 घंटे पूछताछ और सर्च अभियान चला।

ऑपरेशन जारी, दो लोगों को लिया हिरासत मेंः फरीदाबाद पुलिस कमिश्नर सतेंद्र गुप्ता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी के घर से अमोनियम नाइट्रेट मिला है। मौके से असॉल्ट राइफल, तीन मैगजीन, एक पिस्टल भी बरामत हुई है। अभी ऑपरेशन जारी है। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ये एक बड़ा मॉड्यूल है। आरडीएक्स नहीं मिला। छापामारी के दौरान करीब 360 किलो अमोनियम नाइट्रेट मिला है। आरोपी डॉक्टर यूनिवर्सिटी में पढ़ाता था। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस उपायुक्त अपराध मुकेश कुमार भी मौजूद रहे।

जानकारी के अनुसार, आरोपी को जम्मू-कश्मीर पुलिस की टीम ने दो दिन पहले गिरफ्तार किया था। पूछताछ के बाद आरोपी डॉक्टर की निशानदेही पर उसके आवास पर छापा मारा, जहां से टीम को 14 बैग, दो ऑटोमैटिक पिस्टल, 84 कारतूस, पांच लीटर केमिकल और एक एके-47 राइफल बरामद हुई है।

अनंतनाग के डॉक्टर आदिल से मुजाहिल शकील तक पहुंची पुलिसः यूपी के सहारनपुर से जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से संबंधों के चलते अनंतनाग के रहने वाले एक डॉक्टर आदिल अहमद को गिरफ्तार किया था। इसी कड़ी में कश्मीर पुलिस ने फरीदाबाद में किराए पर रह रहे डॉक्टर के कमरे में छापा मारा। बताया जा रहा है कि कश्मीरी डॉक्टर मुजाहिल शकील ने फरीदाबाद में किराए पर कमरा लिया था। आरोपी डॉक्टर यहां रहता नहीं था। उसने केवल सामान रखने के लिए कमरा लिया था। पुलिस ने कमरे से 14 बैग बरामद किए हैं, जिनमें 300 किलो आरडीएक्स, एके 47 राइफल, 84 कारतूस और केमिकल रखा हुआ था। तीन महीने पहले किराये पर कमरा लिया था। बताया जा रहा है कि डॉक्टर शकील ने 3 महीने पहले ही किराये पर कमरा लिया था। रेड के दौरान 10 से 12 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। आरोपी डॉक्टर को पुलिस ने हिरासत में लिया है। इस मामले में चार राज्यों जम्मू कश्मीर, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और गुजरात से पूरे मामले का कनेक्शन खंगाला जा रहा है। मकान मालिक को कहा था कि सिर्फ सामान रखना है। सूत्रों के मुताबिक, डॉक्टर ने कमरा किराये पर लेते हुए मकान मालिक को कहा था कि उसे यहां सिर्फ सामान रखना है। उसके बाद कई बैग यहां रखे गए। बैग में क्या है, ये न मकान मालिक ने पूछा न किसी और ने। गुजरात से एटीएस ने तीन को किया गिरफ्तारः बीते रविवार को गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए देश में बड़े आतंकी हमले की साजिश रच रहे तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया था। इन संदिग्धों के पास से भारी मात्रा में हथियार, कारतूस और रासायनिक जहर बनाने की सामग्री बरामद हुई। यह गिरफ्तारी गुजरात एटीएस की एक साल से चल रही गहन निगरानी का परिणाम है।

रासायनिक जहर बनाने की साजिश का खुलासाः गिरफ्तार सैयद अहमद मोहिउद्दीन, जिसकी उम्र 35-36 साल बताई जा रही है, ने चीन से एमबीबीएस की पढ़ाई की है। उसकी मंशा एक ऐसी आतंकी गतिविधि को अंजाम देने की थी जिससे भारी नुकसान हो सके। वह कई विदेशियों के संपर्क में था और 'अबू खदीजा' नाम की एक टेलीग्राम आईडी से जुड़ा था, जिसके बारे में कहा जा रहा है कि वह आईएसकेपी (इस्लामिक स्टेट - खुरासान प्रांत) से संबंधित है। म्मोहिउद्दीन ने रिसिन नामक एक अत्यंत घातक रासायनिक जहर बनाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी थी। यह जहर अरंडी के बीजों के प्रसंस्करण से बचे अपशिष्ट पदार्थ से बनाया जाता है। वह कलोल से हथियार की खेप लेने अहमदाबाद आया था।

# ट्रक और टैक्सी में जोरदार टक्कर, सात घायल



**परवाणुः** औद्योगिक शहर परवाणु में सोमवार सुबह शिवालिक होटल के पास एक दर्दनाक सडक हादसा पेश आया। जानकारी के अनुसार ट्रक और टैक्सी में जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें टैक्सी में सवार सात लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तुरंत ईएसआई अस्पताल परवाणु पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद टैक्सी चालक सहित दो गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को एमरजेंसी उपचार के लिए पीजीआई चंडीगढ़ रैफर किया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भयानक थी कि टैक्सी का अगला हिस्सा और एक तरफ की साइड पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

हादसे के बाद जब टैक्सी के दस्तावेजों की जांच की गई तो चौंकाने वाली जानकारी सामने आई। परिवहन विभाग की वेबसाइट के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त टैक्सी के कुल 14 चालान पेंडिंग हैं, जिनकी कुल राशि करीब 40 हजार रुपए है। इतना ही नहीं, वाहन का बीमा वर्ष 2023 में ही समाप्त हो चुका है, यानी यह बिना बीमा के सडकों पर दौड़ रही थी। हादसे के कारणों का फिलहाल पता नहीं लग पाया है, परंतु कालका व परवाणु की सडकों पर दौड़ रहीं टेक्सीयों को लेकर ट्रैफिक पुलिस विभाग पर सवालों की बौछार होना शुरू हो गईं है। फिर चाहे कालका की ट्रैफिक पुलिस हो या परवाणु की। स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया है कि जब वाहन पर इतने चालान पेंडिंग थे और बीमा भी नहीं था, तो आखिर इसे सडक पर चलने की अनुमति कैसे दी गई? लोगों का कहना है कि ऐसे मामलों में प्रशासन को सख्ती दिखानी चाहिए, क्योंकि लापरवाही का खामियाजा आम जनता को अपनी जान से चुकाना पड़ता है। पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### अमेरिका में अब तक का सबसे बड़ा शटडाउन

# 2000 उड़ानें रद्द 8000 फ्लाइट्स लेट




**वाशिंगटनः**अमेरिका में संघीय सरकार के शटडाउन के 40वें दिन देश भर में 2,000 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी गईं और 8,000 से ज्यादा विलंबित रहीं। उड़ान ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइटअवेयर की रिपोर्ट के अनुसार संघीय उड्डयन प्रशासन (एफएए) की अनिवार्य उड़ान कटौती नीति शुक्रवार को लागू हुई थी। अमेरिका में एक अक्तूबर को शटडाउन शुरू होने के बाद से छुट्टी लेने वाले हवाई यातायात नियंत्रकों की संख्या में वृद्धि हुई है, जिससे कई अन्य को ओवरटाइम काम करना पड़ रहा है। अमेरिकी परिवहन विभाग और एफएए ने शुक्रवार से देश भर के 40 प्रमुख हवाई अड्डों पर 10 प्रतिशत वर्क क्षमता में कमी की घोषणा की थी, जिसका उद्देश्य कर्मचारियों के दबाव को कम करना और हवाई क्षेत्र की सुरक्षा के जोखिमों को कम करना है।

परिवहन सचिव सीन डफी ने बताया कि स्थिति और खराब होने वाली है। मैं थैंक्सगिविंग (कृतज्ञता का उत्सव) से पहले के दो हफ्तों पर नजर रख रहा हूं। आप देखेंगे कि हवाई यात्राएं बहुत कम हो जाएंगी। उसी दिन, राष्ट्रीय आर्थिक परिषद के निदेशक केविन हैसेट ने सीबीएस को बताया कि अगर लोग थैंक्सगिविंग के दौरान यात्रा नहीं करते हैं, तो हम चौथी तिमाही के लिए वास्तव में नकारात्मक तिमाही देख सकते हैं। गौरतलब है कि अमेरिका में थैंक्सगिविंग हर साल नवंबर के चौथे गुरुवार को मनाया जाता है। इस साल थैंक्सगिविंग 27 नवंबर गुरुवार को है। यह एक संघीय अवकाश का दिन है जो पारंपरिक रूप से शरद ऋतु की फसल के लिए आभार व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है।

# यूपी पुलिस को बड़ी सफलता, एनकाउंटर में मार गिराया इनामी कुख्यात हिस्ट्रीशीटर

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले के कपूरपुर इलाके में पुलिस मुठभेड़ में 50,000 रुपए का इनामी कुख्यात हिस्ट्रीशीटर हसीन मारा गया। यह मुठभेड़ उस समय हुई जब पुलिस ने इलाके में आपराधिक गतिविधियों की खुफिया जानकारी मिलने के बाद रविवार देर रात चेकिंग अभियान के दौरान उसे रोका।

पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी कथित तौर पर गोकशी की योजना बना रहा था, तभी पुलिस टीम ने उसकी गाड़ी रोकने की कोशिश की। आत्मसमर्पण करने के बजाय, हसीन ने पुलिस टीम पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी गोलीबारी में आरोपी को गोली लग गई और बाद में उसकी मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने मुठभेड़ स्थल से एक पिस्तौल और एक कार बरामद की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है।

हापुड़ के पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया, रविवार रात लगभग 12.30 बजे, हमें थाना कपूरपुर क्षेत्र में संदिग्धों के एक समूह की गतिविधि के बारे में सूचना मिली। इस सूचना घर कार्रवाई करते हुए, कपूरपुर थाने के प्रभारी अपनी टीम के साथ बताए गए स्थान की ओर बढ़े। जांच के दौरान, उन्हें एक संदिग्ध स्विफ्ट डिजायर कार दिखाई दी और उन्होंने उसे रोकने की कोशिश की। कार सवारों ने पुलिस टीम पर गोलीबारी की, और पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की।

उन्होंने बताया, मुठभेड़ में, एक हमलावर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे धुलाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया और बाद में रामा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान संभल जिले के अशमोली थाने के मनोटा गांव निवासी हसीन के रूप में हुई है। सिंह ने बताया कि उसके खिलाफ लगभग 25-26 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें डकैती, मारपीट और अवैध हथियार रखने जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं। उन्होंने कहा, वह एक वांछित अपराधी था जिस पर पुलिस ने 50,000 रुपए का इनाम घोषित किया था। मौके से एक पिस्तौल, कारतूस और एक कार बरामद की गई है। मामले में आगे की जांच की जा रही है।

## रक्षा क्षेत्र में आरएनडी बढ़ाने की योजनाओं की वार्षिक समीक्षा करेंगे राजनाथ सिंह, निवेश दोगुना करने की योजना



**नई दिल्लीः** देश में अगले पांच वर्षों में 32,766 करोड़ रुपए के अनुमानित व्यय के साथ अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) की गति को दोगुना करने का प्रस्ताव रखा गया है। पिछले 10 वर्षों में आरएंडडी में अधिकांश निवेश हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल), भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड जैसे पुराने रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (डीपीएसयू) द्वारा किए गए है, लेकिन रिसर्च और डेवलपमेंट में तेजी लाने के लिए बाकी डीपीएसयू में भी काम चल रहा है। नई दिल्ली में सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इन्हीं 16 रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (डीपीएसयू) के वार्षिक प्रदर्शन की समीक्षा करेंगे।

इससे पहले राजनाथ सिंह ने 2025 को सुधारों का वर्ष घोषित किया था, जिसमें रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा नई तकनीक के विकास के महत्व, निर्यात एवं स्वदेशीकरण को बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया था। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए उन्होंने डीपीएसयू से अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) के लिए अपने निवेश और जनशक्ति बढ़ाने का आह्वान किया था।

रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को अपने प्रेस नोट में कहा, सभी डीपीएसयू ने अगले पांच वर्षों के लिए अपने अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) का रोडमैप तैयार कर लिया है। पिछले 10 वर्षों में 16 डीपीएसयू द्वारा अनुसंधान एवं विकास में कुल 30,952 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है।

इसी प्रकार, अगले पांच वर्षों में, आयुध निमार्णी बोर्ड के निगमीकरण के बाद गठित सात नए रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (डीपीएसयू) आरएंडडी पर 3,000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश करेंगे, जबकि रक्षा शिपयार्ड ने 1,300 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश की योजना बनाई है।

रक्षा मंत्रालय ने कहा, इस इवेंट के दौरान, पिछले 10 वर्षों में किए गए आरएनडी प्रोजेक्ट्स का एक कम्पाइलेशन और अगले पांच साल का प्लान जारी किया जाएगा। इसके अलावा एचएएल का नया आरएनडी मैनुअल भी लॉन्च किया जाएगा, जो अनुसंधान और विकास परियोजनाओं में लचीलापन, गति, जोखिम मूल्यांकन और आवंटन प्रदान करेगा। केंद्रीय मंत्री अक्षय ऊर्जा पर स्वय शीर्षक से एक रिपोर्ट भी जारी करेंगे। यह रिपोर्ट रक्षा उत्पादन विभाग के तत्वावधान में सभी 16 डीपीएसयू की ऊर्जा दक्षता प्रथाओं को संकलित करने का पहला प्रयास है।

2024-25 में डीपीएसयू का प्रदर्शन सराहनीय रहा है। डीपीएसयू ने पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में निर्यात में 51 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की। कुल कारोबार 1.08 लाख करोड़ रुपए रहा, जो 2023-24 की तुलना में 15.4 प्रतिशत अधिक है। डीपीएसयू ने 2024-25 में 20,021 करोड़ रुपए का संचयी कर-पश्चात लाभ दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 19.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए विभिन्न डीपीएसयू को सम्मानित किया जाएगा और महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान भी होगा।

# जीएसटी 2.0 भारतीय कारीगरों के लिए बड़ा वरदान, उत्पादों की बिक्री बढ़ी




**नई दिल्लीः** अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारतीय कारीगरों के लिए वरदान का काम कर रहे हैं और इससे उनके उत्पादों की बिक्री में इजाफा हुआ है और आय में बढ़त हुई है, जिससे वे फैक्ट्री में बने उत्पादों से प्रतिस्पर्धा कर पा रहे हैं। जीएसटी 2.0 के तहत कई हैंडीक्राफ्ट उत्पादों जैसे लकड़ी के नक्काशीदार उत्पादों, टेराकोटा जूट हैंडबैग, कपड़े की वस्तुएं और चमड़े के सामान आदि पर टैक्स कम हो गया है।

असम का मूगा रेशम उद्योग, जो मुख्य रूप से सुआलकुची (कामरूप), लखीमपुर, धेमाजी और जोरहाट जिलों में संचालित होता है, राज्य भर के अन्य रेशम उत्पादन समूहों के साथ महिला बुनकरों की विरासत है। हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट वस्तुओं पर 5 प्रतिशत जीएसटी की कम दर से बुनकरों को राहत मिलेगी और इससे वे प्रतिस्पर्धी बाजारों में अपने उत्पाद बेचकर बेहतर मार्जिन कमा सकते हैं। इससे निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा। असम के पूरे हैंडलूम क्षेत्र को जीएसटी सुधारों से लाभ होगा। 12.83 लाख से ज्यादा बुनकरों और लगभग 12.46 लाख करघों वाले राज्य में इसका प्रभाव दूरगामी होगा। हैंडलूम और क्राफ्ट पर जीएसटी दर में कटौती से असम जापी, अशारिकंडी टेराकोटा, मिशिंग हैंडलूम, पानी मेटेका और बिहू ढोल सहित अन्य उद्योगों को भी लाभ होगा। पश्चिम बंगाल लंबे समय से पारंपरिक क्राफ्ट और हैंडलूम के लिए जाना जाता है, जिसमें बिष्णुपुर के टेराकोटा मंदिर से लेकर नक्शी कंठ की जटिल कढ़ाई तक शामिल है। जीएसटी को 12 प्रतिशत से 5 प्रतिशत करने से इस क्षेत्र को सीधे तौर पर लाभ होगा। जीएसटी में कटौती से हिमाचल के प्रसिद्ध हैंडलूम उत्पादों, विशेष रूप से शॉल और ऊनी वस्त्रों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। कुल्लू घाटी में, स्वयं सहायता समूहों से जुड़े 3,000 से ज्यादा बुनकर चमकीले पैटर्न वाले, जीआई-टैग वाले कुल्लू शॉल बनाते हैं। चंबा रुमाल एक जीआई-टैग वाला लघु हस्त-कढ़ाई वाला कपड़ा है, जिसे मुख्य रूप से हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले की महिला कारीगरों द्वारा बनाया जाता है। इन रूमालों पर जीएसटी घटाकर 5 प्रतिशत कर दिए जाने के कारण इनकी मांग में वृद्धि होगी। चंबा के पारंपरिक चमड़े के चप्पल भी जीआई-टैग्ड उत्पाद हैं, जिनका उत्पादन सैकड़ों छोटी कुटीर शिल्प इकाइयों द्वारा किया जाता है। कम जीएसटी से इनकी कीमतें मशीन-निर्मित जूतों के मुकाबले अधिक प्रतिस्पर्धी हो जाएंगी और स्वदेशी चप्पलों की बिक्री को बढ़ावा मिलेगा। इससे कारीगरों को अपना मार्जिन बढ़ाने में मदद मिलेगी।

## बिहार में नक्सलवाद लाने की कोशिश, अरवल में शाह का विपक्ष पर हमला



**एजेंसी/ पटनाः** बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार के आखिरी दिन रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अरवल में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर तीखा हमला बोला और चेतावनी दी कि लाल झंडे की आड़ में बिहार में नक्सलवाद लाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जोड़ी ने राज्य से नक्सलवाद और जंगलराज दोनों को खत्म किया है। अमित शाह ने कहा कि एनडीए सरकार ने बिहार को भय और हिंसा से मुक्त किया है। अब कोई अपराधी यह हिम्मत नहीं कर सकता कि बिहार में फिरौती मांगे, अपहरण करे या खून-खराबा फैलाए। उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों को सतर्क रहना होगा, ताकि लाल झंडे की आड़ में माले जैसे संगठन दोबारा हिंसा का माहौल न बना सकें।

## दूसरे चरण से पहले भारत-नेपाल सीमा सील, बीरगंज-रक्सौल क्रॉसिंग पर आवाजाही रोकी

**पटनाः** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण से पहले सुरक्षा उपाय के तौर पर भारत और नेपाल के बीच बीरगंज-रक्सौल सीमा बिंदु पर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है और सीमा को सील कर दिया गया है। चुनावों के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के तहत भारत-नेपाल सीमा के विभिन्न बिंदुओं को 72 घंटों के लिए बंद कर दिया गया है।

सभी सीमा चौकियों को किया गया सील : महोत्तरी के सहायक मुख्य जिला अधिकारी संजय कुमार पोखरेल ने बताया, भारत के बिहार में 11 नवंबर को चुनाव होने हैं। सुरक्षा के लिहाज से हमने सीमा पार करने पर रोक लगा दी है। उन्होंने आगे कहा, महोत्तरी जिले की सभी सीमा चौकियों को सील कर दिया गया है। शनिवार शाम 6 बजे से सीमा चौकियां बंद कर दी गईं। इस बीच, रविवार को बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रचार समाप्त होने के साथ ही, एनडीए और महागठबंधन दोनों के शीर्ष नेताओं ने 11 नवंबर को होने वाले मतदान से पहले मतदाताओं से अपनी अंतिम अपील की।

न्यूज IN ब्रीफ

## जारी है प्रशिक्षु पदाधिकारियों का भ्रमण कार्यक्रम



**दुमका :** जिले में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी के 12 प्रशिक्षु पदाधिकारी 8 नवम्बर से 14 नवम्बर 2025 तक अध्ययन भ्रमण पर हैं। इस दौरान वे जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों में ग्रामीण प्रशासन, विकास योजनाओं के क्रियान्वयन, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों और सामुदायिक सहभागिता की प्रक्रिया का अध्ययन करेंगे।

उपायुक्त अभिजीत सिन्हा से रविवार को सभी प्रशिक्षु पदाधिकारियों ने शिष्टाचार मुलाकात की। उपायुक्त के निर्देशन में प्रशिक्षु पदाधिकारियों को विभिन्न प्रखंडों में भ्रमण के लिए नामित किया गया है। प्रशिक्षु पदाधिकारी ग्राम पंचायत भवनों में बैठक, पंचायत नक्शा प्रस्तुतीकरण, आंगनवाड़ी केन्द्र, विद्यालय, स्वास्थ्य केन्द्र, जलापूर्ति परियोजना एवं प्रधानमंत्री आवास जैसी योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। प्रशिक्षु पदाधिकारियों का यह अध्ययन भ्रमण ग्रामीण प्रशासन की कार्यप्रणाली, जनसहभागिता तथा स्थानीय शासन के व्यावहारिक पक्ष को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## ग्रामीण मजदूरों को सरकारी योजना से जोड़ने को लेकर कार्यशाला



जामा : ग्रामीण मजदूरों को सरकारी योजना से जोड़ने और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने की दिशा में जामा प्रखण्ड अंतर्गत बारा पंचायत भवन में श्रमिकों के पंजीकरण एवं सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला का आयोजन उपायुक्त अभिजीत सिन्हा के निदेशानुसार आयोजित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य राज्य से बाहर काम हेतु जाने वाले प्रवासी श्रमिकों व स्थानीय मजदूरों को श्रम विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना था। इस आयोजन में बड़ी संख्या में प्रवासी श्रमिक व स्थानीय मजदूरों ने भाग लिया। पूरे दिन पंचायत परिसर में लम्बी कतार देखने को मिली। जिससे स्पष्ट हुआ कि ग्रामीण मजदूरों भी अब अपने अधिकारों को लेकर सजग हैं। आयोजित कार्यशाला में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी गीता कुमारी मुख्य रूप से उपस्थित रही। उनके साथ कार्यालय कर्मी मो ताज हसन, संतोष कुमार तथा जामा प्रखण्ड के श्रमिक मित्र गोपाल मण्डल, प्रशांत कुमार, रामगढ़ प्रखण्ड के श्रमिक मित्र सचिन मंडल, नीलेश एवं शत्रुघन, काठीकुंड प्रखण्ड के श्रमिक मित्र भीमसेंट और सरैयाहाट प्रखण्ड की श्रमिक मित्र वीणा भी सक्रिय भूमिका में रहे। उनके द्वारा मजदूरों को योजना से संबंधित जानकारी दी गई और ऑन स्पॉट निबंधन में मदद की गई। तकनीकी बाधा के बावजूद कुल 182 श्रमिकों का सफलतापूर्वक निबंधन किया गया।

## सीनियर सिमडेगा जिला स्तरीय महिला एवं पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता का ट्रायल 12 को

सिमडेगा : जिला स्तरीय महिला और पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता 2025 सह चयन ट्रायल दिनांक 12 नवंबर 2025 को पूर्वाहन 11.00 बजे से कुरडेग के कदम टोली स्थित युवा हब भवन में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में अपने वजन भार में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को 14 से 16 नवंबर 2025 तक पिपरा पलामू में आयोजित झारखंड महिला और पुरुष राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता 2025 में सिमडेगा जिला टीम का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा।प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अपने साथ आधार कार्ड और नगर निगम या पंचायत द्वारा निर्गत जन्म प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए सिमडेगा जिला कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष बलबीर प्रसाद 9934114502 से संपर्क कर सकते है।

## पत्नी ने पालतू कुत्ते से पति पर कराया हमला, हालत गंभीर

**हजारीबाग:** महिला उत्पीड़न और पति-पत्नी की लड़ाई की खबर कई बार प्रकाश में आई है. शायद ही आपने सुना होगा कि पत्नी ने अपने पालतू कुत्ते से पति को कटवा दिया. कुत्ते ने बुरी तरह मालिक को घायल कर दिया. अब वह अस्पताल में इलाज करवा रहा है. उसकी स्थिति भी नाजुक बनी हुई है. यह घटना हजारीबाग के मटवारी स्थित कृष्णापुरी कॉलोनी की है.

ससुराल वाले लगातार प्रताड़ित कर रहे थेः पीड़ित रोहित जैन बड़ा बाजार जैन धर्मशाला निवासी रोहित कुमार जैन (उम्र 35 वर्ष) पर उसकी पत्नी एवं ससुराल वालों द्वारा जानलेवा हमला किए जाने का मामला प्रकाश में आया है. रोहित कुमार जैन ने अपने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाना में आवेदन दिया है. आवेदन में रोहित जैन ने बताया कि उसकी शादी जनवरी 2024 में रूपा अग्रवाल से हुई थी. शादी के कुछ ही दिनों बाद से पत्नी और ससुराल पक्ष के लोग उन्हें लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे.

शरीर के कई हिस्सों में कुत्ते के काटने के निशान हैं

रविवार, 09 नवंबर 2025 को स्थिति इतनी बिगड़ गई कि ससुराल पक्ष के लोगों ने उन पर जान से मारने का प्रयास किया तथा उनके ऊपर पालतू कुत्ते से हमला करवाया, जिससे उनके शरीर के कई हिस्सों में काटने के निशान आ गए. पीड़ित ने बताया कि घटना के बाद उन्होंने लोहसिंघना थाना में इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है.

उन्होंने आशंका जताई है कि ससुराल पक्ष के लोग भविष्य में भी उनके ऊपर हमला कर सकते हैं, क्योंकि उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं कि तुम्हें छोड़ेंगे नहीं. पीड़ित ने पुलिस प्रशासन से अपनी सुरक्षा की मांग करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गुहार लगाई है.

पीड़ित के पिता मनोज जैन इस घटना के बाद बेहद चिंतित हैं और वह अपने बेटे के इलाज में लगे हुए हैं. उन्होंने बताया कि पत्नी द्वारा पति पर कुत्ते से हमला करवाना सारी सीमाओं को लांघ देने के बराबर है. इस संबंध में लोहसिंघना थाना प्रभारी निशांत केरकेट्टा ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है. मामले की जांच की जा रही है और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी.

# धनबाद कृषि बाजार में फायरिंग, अपराधियों ने व्यवसायी के साथ मारपीट कर की लूटपाट

संवाददाता

**धनबाद :** जिला में बरवाअड्डा थाना क्षेत्र कृषि बाजार समिति परिसर में रविवार देर शाम फायरिंग की घटना हुई है। इसके साथ ही एक कारोबारी के साथ मारपीट कर उनके साथ लूटपाट हुई है।

व्यवसायी श्याम भीमसरिया के साथ पहले से घात लगाए बाइक सवार अपराधियों ने मारपीट की लूट की घटना को अंजाम दिया। अपराधियों ने चार से पांच राउंड फायरिंग कर दहशत फैलाया। जिससे मौके पर अफरातफरी मच गई। पिस्टल के बट्ट से मारकर व्यव्सायी को घायल कर दिया।

अपराधियों के बाइक से भागते हुए व्यवसायियों ने वीडियो भी बनाया गया है। व्यवसायी वर्ग ने काफी देर तक शोर मचाया, पीछा कर पकड़ने का प्रयास किया लेकिन बाइक सवार अपराधी रुपयों से भरा बैग लेकर तेज रफ्तार में फरार हो गया। घायल व्यव्सायी को आननफानन में इलाज के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।



इस घटना से व्यवसायी वर्ग में दहशत और गुस्सा है। पुलिस को घटना की सूचना व्यवसायियों ने दी। घटना की जानकारी पाकर सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, डीएसपी शंकर कामती, धनबाद सदर, बरवाअड्डा थाना की पुलिस अस्पताल पहुंची। घायल व्यवसायी से घटना की जानकारी ली।

वहीं बाजार समिति के व्यवसायियों ने कहा कि घटना दुखद है, उनके साथी व्यव्सायी अपने दुकान को बंद कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान बाजार समिति परिसर में अपराधी जो पहले से घात लगाए था मारपीट करते हुए लूट छिनतई की घटना को अंजाम देकर फरार हो गये। इस दौरान अपराधियों ने दहशत फैलाने के लिए कई राउंड फायरिंग भी की।

कारोबारियों ने कहा कि बाजार समिति में सैकड़ों की संख्या में व्यापारी जिले के साथ अन्य जिलों से पहुंचते हैं। टीओपी निर्माण, पुलिस बल की तैनाती की मांग करते आ रहे लेकिन कोई सुरक्षा की व्यवस्था नहीं की गयी।

वहीं अस्पताल पहुंचे सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने कहा कि घटना में शामिल अपराधियों का सुराग मिला है। अपराधी बख्शे नहीं जाएंगे, दो दिन के अंदर घटना में शामिल अपराधी बेनकाब होगा।

बताते दें कि बरवाअड्डा कृषि बाजार समिति में फल और खाद्यान्न समेत अन्य चीजों की थोक बिक्री होती है। यहां बड़ी संख्या में व्यवसायी यह अपना कारोबार करते हैं। झारखंड ही नहीं बल्कि दूसरे राज्यों से भी कारोबारी यहां पहुंचते हैं। ऐसे में अपराधियों द्वारा की इस घटना से व्यवसायी वर्ग में दहशत का माहौल है। व्यवसायी प्रशासन से सुरक्षा की मांग कर रहें हैं।

## खेल जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है : उपायुक्त




संवाददाता

**देवघर :** जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने रविवार को जिले में आयोजित 12वीं झारखंड राज्य स्तरीय सीनियर, जूनियर, सब-जूनियर व यूथ रोड साइक्लिंग चैंपियनशिप के समापन समारोह में शामिल हुए। इस दौरान कुमैठा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर बेहतर प्रदर्शन हेतु सभी को शुभकामनाएं दी।

इसके अलावा उपायुक्त श्री लकड़ा ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दीं और खेल भावना व बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई, साथ ही एसोसिएशन के पदाधिकारियों व सदस्यों को इस आयोजन के लिए बधाई दी तथा भविष्य में और भी बड़े आयोजनों की संभावनाओं पर प्रकाश डाला, जिससे जिले व राज्य की खेल प्रतिभा को बढ़ावा मिल सके।

आगे उपायुक्त ने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल खिलाड़ियों में खेल भावना विकसित होती है, बल्कि यह राज्य की छुपी हुई खेल प्रतिभाओं को भी आगे आने का अवसर देता है। साथ ही उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि प्रतियोगिता में शामिल होना अपने आप में एक बड़ी बात है और सभी खिलाड़ियों को एक-दूसरे का सम्मान करते हुए खेलना चाहिए।

उन्होंने खेलों को जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए खिलाड़ियों को अपने करियर पर ध्यान केंद्रित करने और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। आगे उन्होंने कहा कि खेल से अनुशासन का अर्थ है नियमों का पालन करना, आत्म-नियंत्रण रखना, और अपने लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहना, जो शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ जीवन के अन्य क्षेत्रों में सफलता दिलाता है।

चैंपियनशिप में कुल 20 जिलों के 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया। देवघर जिला साइक्लिंग संघ के तत्वावधान में आयोजित इस दो दिवसीय चैंपियनशिप में (बालक/बालिका/महिला/पुरुष) वर्ग में प्रतियोगिताएं हुईं। आज देवघर जिला साइक्लिंग चैंपियनशिप के तत्वाधान में आयोजित 8 और 9 नवंबर को किया गया. कार्यक्रम में जिला खेल पदाधिकारी संतोष कुमार, एसोसिएशन के पदाधिकारियों, सदस्य, टेक्निकल टीम व कर्मी आदि उपस्थित थे।

## हजारीबाग में 42.5 लाख की अफीम के साथ चार तस्कर गिरफ्तार



संवाददाता

**हजारीबाग :** जिले की मुफस्सिल थाना पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 42.5 लाख रुपये मूल्य की 8.2 किलो अफीम बरामद की है. इस मामले में चार अफीम तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है. पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को शनिवार देर रात गुप्त सूचना मिली थी कि मुकुंदगंज स्थित टोयोटा शोरूम के सामने चार लोग अफीम की खरीद-बिक्री करने वाले हैं.

कार्रवाई से पहले गठित की गई टीम : सूचना के आधार पर अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अमित कुमार के नेतृत्व में छापेमारी के लिए टीम गठित की गई. टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्थल पर पहुंचकर चारों संदिग्धों सचिन कुमार, नंकु ठाकुर, राकेश कुमार मेहता और अनिल दांगी को गिरफ्तार किया है. तलाशी के दौरान इनके पास से चार बैग में अफीम, चार मोबाइल और अन्य सामान बरामद हुआ है.

अफीम को हरियाणा भेजने की फिराक में थे तस्कर : एसडीपीओ अमित आनंद ने बताया कि पूछताछ में सभी आरोपियों ने स्वीकार किया है कि वे चतरा से अफीम लेकर हरियाणा बेचने जा रहे थे. पुलिस ने मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुफस्सिल थाना में मामला दर्ज कर सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. यह कार्रवाई हजारीबाग पुलिस की बड़ी सफलता मानी जा रही है. इस कार्रवाई ने यह स्पष्ट किया है कि अफीम, हजारीबाग से पंजाब और हरियाणा तक पहुंचाई जा रही है. इस अवैध काम में अंतर्राज्यीय गिरोह सक्रिय है, जो नशे का अवैध कारोबार कर रहा है.

## डीटीओ ने चलाया रफ्तार घटाओ, सुरक्षा बढ़ाओ,जागरूकता अभियान



**देवघर :** जिले के जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश प्रियदर्शी के नेतृत्व में ₹रफ्तार घटाओ, सुरक्षा बढ़ाओ₹ जागरूकता कार्यक्रम के तहत लोगों को तेज गति से वाहन चलाने के कारण हो रही दुर्घटना के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रविवार को जसीडीह थाना, मधुपुर थाना एवं पालोजोरी थाना क्षेत्र में सभी प्रकार के छोटे-बड़े वाहन चालकों को पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया। साथ ही जानकारी दी गई की वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का पालन अवश्य करे तथा हेलमेट का उपयोग के लाभ , शराब पीकर या फोन पर बात करते हुए गाड़ी ना चलाना, रेश ड्राइविंग ना करना, ओवरटेक ना करना, आदि नियमों का पालन वाहन चलाते समय अवश्य करे। वर्तमान में तेज गती से वाहन चलाने के कारण ही ज्यादातर दुर्घटना हो रही है। ऐसे में सुरक्षा की दृष्टिकोण से आवश्यक है कि सड़कों पर वाहन चलाते समय रफ्तार का ध्यान अवश्य रखें एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित यातायात नियमों का पालन आवश्यक रूप से किया जाय। इस मौके पर मोटरयान निरीक्षक अमित कुमार झा, सुभाष तिग्गा, प्रथम कुमार रजवार, सड़क सुरक्षा के कर्मी, पुलिस बल एवं अन्य कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

## नेत्रहीन गणेश लोहरा की बेबसी न घर, न राशन, न सहारा

संवाददाता

**कोलेबिरा (सिमडेगा):** कोलेबिरा प्रखंड के ग्राम कल्हाटोली निवासी श्री गणेश लोहरा, जो जन्म से ही नेत्रहीन हैं, आज अत्यंत दयनीय स्थिति में जीवन यापन कर रहे हैं। कुछ वर्ष पहले उनके घर को हाथियों ने पूरी तरह से नष्ट कर दिया था। उस समय वन विभाग की ओर से मुआवजा राशि प्रदान की गई थी, परंतु पत्नी के निधन के बाद वह राशि उनकी पुत्री उर्मिला कुमारी के लालन-पालन में ही समाप्त हो गई।

वर्तमान में गणेश लोहरा के पास न तो रहने के लिए घर है और न ही नियमित भोजन की सुविधा। उनका परिवार टुटीकेल में स्थित दूसरे का अधूरे आवास में किसी तरह आश्रय लेकर रह रहा है। परिवार के पास राशन कार्ड होने के बावजूद पिछले एक वर्ष से अधिक समय से राशन नहीं मिला है, जिससे उनका जीवन संकट में पड़ गया है।

नेत्रहीन गणेश लोहरा की दूसरी पत्नी और पुत्री उर्मिला कुमारी इसी अधूरे घर में रह रही हैं। परिवार का कोई स्थायी आय स्रोत नहीं है। ऐसे में यह बड़ा सवाल उठता है कि सरकारी योजनाओं का लाभ इनके जैसे असहाय और जरूरतमंद परिवार तक क्यों नहीं पहुँच पा रहा है?




गणेश लोहरा का कहना है कि मेरे परिवार को प्रधानमंत्री आवास या अबुआ आवास योजना में प्राथमिकता के आधार पर घर दिया जाना चाहिए, ताकि हम सम्मानजनक जीवन जी सकें।

उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी का नाम राशन कार्ड में नहीं है जिसके कारण मईया सम्मान योजना भी नहीं बना है, अन्य महिलाएं मईया सम्मान योजना के पैसे से घर की जरूरतें पूरा करती हैं हमारे पास वो भी नहीं है। गणेश लोहरा की पुत्री उर्मिला कुमारी अभी शिक्षा से भी वंचित है। गणेश लोहरा का कहना है कि उसकी स्थिति को देखते हुए बेटी को पीएम श्री कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में दाखिला दिलाया जाए, ताकि उसका भविष्य सुरक्षित रह सके। यह घटना सरकार की योजनाओं और जमीनी हकीकत के बीच की गहरी खाई को उजागर करती है। सवाल यह है कि जब सरकारें सबका साथ, सबका विकासह्व की बात करती हैं, तो गणेश जैसे नेत्रहीन और निर्धन व्यक्ति आज भी असहाय क्यों है।

# झारखंड राज्य महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप संपन्न

संवाददाता

**दुमका :** झारखंड राज्य हैंडबॉल एसोसिएशन रांची के तत्वावधान में जिला हैंडबाल संघ दुमका के सहयोग से दुमका के गांधी मैदान में 08 नवम्बर से जारी 11वीं सीनियर झारखंड राज्य महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप का रविवार को समापन हो गया।

फाइनल मुकाबले में गत वर्ष की चैंपियन अर्बन सर्विसेज जमशेदपुर की टीम ने दुमका को 10 -03गोल के अंतर से परास्त कर खिताब पर एक बार फिर से कब्जा जमा लिया।इससे पूर्व पहले सेमीफाइनल मुकाबले में अर्बन सर्विसेस जमशेदपुर की टीम ने पूर्वी सिंहभूम को 08-03 से तथा दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में दुमका ने हजारीबाग को 11-09 गोल के अंतर से परास्त कर फाइनल में अपनी जगह बनाई थी। क्वार्टर फाइनल मुकाबले में अर्बन सर्विसेस ने गुमला को11-04, दुमका ने लोहरदगा को 07-01, पूर्वी सिंहभूम ने रांची को 08-02 तथा हजारीबाग ने पोरहाट को 08-03 गोल के अंतर से हराकर सेमीफाइनल में पहुंची थी।

विजेता खिलाड़ियों को झारखंड राज्य हैंडबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार बालमुचु, जिला खेलकूद पदाधिकारी तूफान कुमार पोद्दार तथा जिला खेलकूद संघ के सचिव उमाशंकर चौबे ने ट्राफी एवं मैडल देकर सम्मानित किया। अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि डॉ. बालमुचू ने खिलाड़ियों को अपनी शुभकामना देते हुए कहा कि खेल में हर और जीत की बजाय अनुशासित होकर सौहार्दपूर्ण मवातावरण में खेलना ज्यादा महत्वपूर्ण होता है।



पहले सेमीफाइनल का बेस्ट प्लेयर का पुरस्कार पूर्वी सिंहभूम की अंशू कुमारी को जबकि दूसरे सेमीफाइनल का बेस्ट प्लेयर अवार्ड हजारीबाग की सोमा को दिया गया। फाइनल का बेस्ट प्लेयर दुमका की अंशू तथा पूरे टूनार्मेंट की बेस्ट प्लेयर अर्बन सर्विसेज की रौशन विष्ट रही। बेस्ट गोलकीपर का पुरस्कार पूजा को दिया गया।

अवसर पर झारखंड स्टेट हैंडबॉल एसोसिएशन की संयुक्त सचिव पूनम राय सहित लोहरदगा हैंडबॉल एसोसिएशन के सचिव एस सुजाउद्दीन, गुमला हैंडबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष और सचिव क्रमशः रहमान और झुन्नू रैन, जमशेदपुर हैंडबॉल एसोसिएशन के सचिव शहबाज सहित रेफरी सरफराज आलम, विनोद प्रसाद, नियाज खान, आसिफ खान, विक्रम ठाकुर और शाहरुख अनवर को भी स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह में मंच का संचालन मदन कुमार ने किया। आयोजन को सफल बनाने में जिला हैंडबॉल एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष अमित कुमार,सचिव अमित कुमार पाठक, कोषाध्यक्ष दाउद अली,उपाध्यक्ष शंभू कुमार रजक एवं भजन कुमार मंडल,सहसचिव संतोष गोस्वामी तथा तकनीकी पदाधिकारी मुकेश कुमार की भूमिका उल्लेखनीय रही। अवसर पर जिला कबड्डी संघ के हैदर हुसैन, जिला तैराकी संघ के सचिव सुमन कुमार, जिला खो खो संघ के सचिव मोइन अंसारी सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।